| मौसम | |
|---|---|
| अधिकतम | 17 डि.से. |
| न्यूनतम | 07 डि.से. |
| सूर्योदय | 8:06 |
| सूर्यास्त | 4.06 |

| सर्राफा | |
|---|---|
| सोना | 63,200 |
| चांदी | 75,000 |

UPHIN/2009/27457

हिन्दी साप्ताहिक

नई सोच, नया जुनून...

# करण वाणी

● वर्ष : 08 ● अंक : 39 ● लखनऊ, सोमवार 22 अप्रैल 2024 ● मूल्य : 2 रु. ● पृष्ठ : 04



2 मानवता के कल्याण के लिए समर्पित....
3 किसान आंदोलन के चलते कई रूट....
4 जिलाधिकारी ने बांटे स्मार्टफोन व....


## न्यूज डायरी

### सैन्य बटालियन पर प्रतिबंध लगाने का लिया फैसला

**तेल अवीव।** अमेरिका ने एक तरफ इस्राइल की मदद के लिए हाथ बढ़ाए तो दूसरी तरफ आंखें टेढ़ी कर दी। अमेरिकी संसद ने इस्राइल के लिए 13 अरब डॉलर की नई सैन्य सहायता को मंजूरी दी है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका इस्राइल की एक सैन्य बटालियन पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहा है। ये प्रतिबंध बटालियन द्वारा फलस्तीनी लोगों के खिलाफ किए गए मानवाधिकार उल्लंघन के लिए लगाया जा सकता है। हालांकि, इस कदम की इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने निंदा की है। फलस्तीन के वेस्ट बैंक में इस्राइली सेना पर मानवाधिकार उल्लंघन के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। ऐसे में अब अमेरिका वहां आम लोगों को निशाना बनाने के आरोप में नेत्जाह येहुदा बटालियन पर प्रतिबंध लगाने का एलान कर सकती है।

### चीन समर्थक रुख पर आएगा जनादेश

**माले ।** मालदीव की राजनीति में पिछले साल राष्ट्रपति चुनाव के बाद से काफी उतार चढ़ाव देखा गया है। अब भारत का पड़ोसी देश 20वें संसदीय चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। आज मालदीव में चुनाव होना है, जिसके नतीजे कल यानी सोमवार को घोषित किए जा सकते हैं। हालांकि, यह चुनाव राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के लिए चीन की ओर झुकाव और भारत विरोधी होने की परीक्षा है। राष्ट्रपति चुनाव के दौरान उन्होंने अपना पूरा प्रचार इंडिया आउट के नाम पर चलाया। संसदीय चुनाव के लिए भी प्रचार में उन्होंने भारत विरोध का सहारा लिया। जिस कारण यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण हो गया है।

### अमेरिका में टिकटॉक पर लग सकता है प्रतिबंध, संसद के निचले सदन में विधेयक को मंजूरी

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने शनिवार को एक विधेयक को मंजूरी दी। इसमें प्रावधान है कि अगर चीनी नागरिक के स्वामित्व वाले लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक अपने अमेरिकी कारोबार को नहीं बेचता तो उस पर देश में प्र यह विधेयक डेमोक्रेट और रिपब्लिकन दोनों दलों के भारी समर्थन से सदन में पारित हुआ। दोनों दलों ने एप के मालिक प्रावधानों को अब मंजूरी के लिए उच्च सदन सीनेट भेजा जाएगा। हालांकि, अगर कानून भी बन जाता है, तो भी कंपनी के पास खरीदार ढूंढने के लिए एक साल तक का समय होगा और वह संभवतः अदालत में संबंधित कानून को इस तर्क के साथ चुनौती दे सकती है।

### एक सप्ताह के भीतर उधार लिए 657 अरब रुपये

**इस्लामाबाद ।** आर्थिक संकट से जूझ रहे प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान सरकार ने एक सप्ताह के भीतर बैंकों से 657अरब पाकिस्तानी रुपया उधार लिया है। यह खुलासा डॉन ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में दी। यह कर्ज सरकार ने अपने बढ़ते खर्चों को पूरा करने के लिए लिया है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) के आंकड़ों से पता चला है कि वाणिज्यिक बैंकों से सरकार की उधारी 1 जुलाई 2023 से 5 अप्रैल 2024 तक रिकॉर्ड 5.5 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये तक पहुंच गई है। वहीं, 13 अप्रैल को एसबीपी की रिपोर्ट के अनुसार वाणिज्यिक बैंकों से सरकार की उधारी 4.8 लाख करोड़ थी। इससे पता चलता है कि एक सप्ताह के दौरान सरकार ने करीब 657 अरब पीकेआर का उधार लिया।

छत्तीसगढ़ दौरे से पहले बोले योगी, उत्तर प्रदेश व अयोध्या का संदेश उन तक पहुंचाने का अवसर होगा प्राप्त

# छत्तीसगढ़िया, सबसे बढ़िया

▸▸ मुख्यमंत्री बोले- पीएम मोदी के नेतृत्व में फिर से बनने जा रही एनडीए सरकार

▸▸ गैर भाजपा शासित राज्यों में होने वाली हिंसा तुष्टिकरण की नीतियों का दुष्परिणाम है: योगी



संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकसभा चुनाव का प्रथम चरण संपन्न हुआ है। देश के अंदर प्रधानमंत्री मोदी जी के 10 वर्ष के कार्यकाल को लेकर लोगों में जो उत्साह है, वह वोट में बदल रहा है। सीएम योगी रविवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रचंड बहुमत के साथ मोदी जी के नेतृत्व में फिर से भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व की एनडीए की सरकार बनने जा रही है। इसमें कोई संदेह होना ही नहीं चाहिए। जनता-जनार्दन के द्वारा विपक्ष के झूठ का पर्दाफाश भी किया जा रहा है।

एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गैर भाजपा शासित राज्यों में होने वाली हिंसा तुष्टिकरण की नीतियों का दुष्परिणाम है। पश्चिम बंगाल के साथ-साथ गैर भाजपा शासित प्रदेशों में रामनवमी और होली पर जो दंगे हुए, यह बहुसंख्यक समाज की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। तुष्टिकरण के नाम पर वोटबैंक की राजनीति ने हमेशा ऐसे सांप्रदायिक तनाव को जन्म दिया है। पश्चिम बंगाल में रामनवमी की शोभायात्राओं पर फिर से हुए हमले चिंता का विषय भी हैं और साथ-साथ देश के लोगों के लिए संदेश भी है कि यह लोग जब शांतिपूर्ण ढंग से निकलने वाली शोभायात्राओं को ही सुरक्षा नहीं दे सकते हैं तो बहन-बेटियों और सामान्य नागरिकों को क्या सुरक्षा दे पाएंगे। चुनाव सबसे अच्छा अवसर होता है, जब हम तथाकथित सेक्युलर लोगों व दलों को संदेश दे सकते हैं। अपने मत से इन्हें स्पष्ट संदेश दें कि हमारी भावनाओं से खिलवाड़ करोगे और सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को प्रश्रय दोगे तो फिर चुनाव में हम भी उसी प्रकार से जवाब देंगे।

रविवार को छत्तीसगढ़ में चुनावी दौरे पर निकलने से पहले सीएम योगी ने कहा कि पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से ही रामलला का 500 वर्षों बाद अयोध्या में आगमन संभव हुआ। छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल व मां कौशल्या का मायका है। छत्तीसगढ़ के बारे में कहते हैं कि छत्तीसगढ़िया, सबसे बढ़िया क्योंकि हर सनातन धर्मावलंबी छत्तीसगढ़ को ननिहाल के रूप में मानता है। ननिहाल जाना सबको अच्छा लगता है।

> *पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से ही रामलला का 500 वर्षों बाद अयोध्या में आगमन संभव हुआ। छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल व मां कौशल्या का मायका है। छत्तीसगढ़ के बारे में कहते हैं कि छत्तीसगढ़िया, सबसे बढ़िया क्योंकि हर सनातन धर्मावलंबी छत्तीसगढ़ को ननिहाल के रूप में मानता है।*
>
> **योगी आदित्यनाथ**
> **मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश**

स्वाभाविक रूप से छत्तीसगढ़वासी भी उतने ही उत्साहित हैं, जितना उत्साहित उत्तर प्रदेश, पूरा देश और हर सनातन धर्मावलंबी है। आज छत्तीसगढ़ में जनता-जनार्दन से संवाद बनाने और उत्तर प्रदेश व अयोध्या का संदेश उन तक पहुंचाने का अवसर मुझे प्राप्त होगा।



### बाल-बाल बचे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, चलते रोड शो में टूट गया मंच

**छतरपुर।** रविवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ हादसा होते-होते बच गया। छतरपुर में एक जनसभा को संबोधित करने के दौरान सीएम का मंच टूट गया। इस दौरान वो लड़खड़ाकर गिरने लगे, तभी उनके सुरक्षाकर्मियों और केंद्रीय मंत्री ने उन्हें संभाल लिया। मंच पर ज्यादा भीड़ होने के कारण टूट गया था, जिससे डॉ. मोहन यादव का बैलेंस बिगड़ गया था।

इस घटना में सीएम को कोई चोट नहीं आई है। सीएम पूरी तरह से सुरक्षित हैं। दरअसल मुख्यमंत्री मोहन यादव यादव केंद्रीय मंत्री और टीकमगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र खटीक के पक्ष में एक रोड शो करने के लिए आए हुए थे। शहर के डाकखाने चौराहे पर सदर विधायक ललिता यादव ने उनके स्वागत के लिए एक मंच तैयार किया था। इस मंच पर भाजपा के कार्यकर्ता और अन्य लोग भी मौजूद थे।

# हार से डरी भाजपा अब तानाशाही पर उतर आई

> *भाजपा सरकारों में भर्ती परीक्षाओं के तमाम पेपर लीक हुए। जबसे भाजपा की सरकार आयी है। नौजवानों, किसानों, आदिवासियों की आर्थिक स्थिति और खराब हो गई है। पहले जुमलेबाजी करने वाले भाजपा के लोग जनता को झूठी गारन्टी दे रहे हैं।*
>
> **अखिलेश यादव**
> **पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश**



संवाददाता

**लखनऊ/रांची।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा देश में लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा बन गई है। लोकसभा चुनाव में हार से डरी भाजपा अन्याय और तानाशाही पर उतर आई है। यह लोकसभा चुनाव बहुत विशेष है। यह लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण बचाने का चुनाव है। भाजपा की तानाशाही को उखाड़ फेंकने का चुनाव है।

झारखण्ड के रांची में रविवार को इंडिया गठबंधन की संयुक्त रूप से आयोजित उलगुलान महारैली में अखिलेश यादव ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि अगर देश की जनता हटाने से चूक गयी तो भाजपा वोट का अधिकार छीन लेगी। भाजपा देश पर अंग्रेजों की तरह शासन करना चाहती है। उन्होंने कहा कि देश में जितने भी तानाशाह हुए है वे वोट से सत्ता में आये थे। भाजपा को वोट के जरिए ही सत्ता से बाहर करना है। अखिलेश यादव ने कहा कि हजारो करोड़ रूपये की चुनावी चंदा के नाम पर वसूली की है। तमाम कम्पनियों को डराकर वसूली की। कोरोना के समय वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी वसूली कर ली है। जबसे इलेक्टोरल बांड का मामला बाहर आया है। भाजपा के नेता घबराये हुए है। उनके पास भ्रष्टाचार का कोई जवाब नहीं है।

अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकारों में भर्ती परीक्षाओं के तमाम पेपर लीक हुए। जबसे भाजपा की सरकार आयी है। नौजवानों, किसानों, आदिवासियों की आर्थिक स्थिति और खराब हो गई है। पहले जुमलेबाजी करने वाले भाजपा के लोग जनता को झूठी गारन्टी दे रहे हैं।उन्होंने कहा कि पहले चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा का सफाया हो गया है। किसान, नौजवान सहित सभी लोग एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ मतदान कर रहे है। भाजपा की सरकार अब बचने वाली नहीं है।

# फ्री राशन देना भाजपा की मेहरबानी नहीं, आपके टैक्स के पैसे से आती है खाद्य सामग्री

संवाददाता



**अमरोहा।** अमरोहा में बसपा सुप्रीमो मायावती चौबीस मिनट के संबोधन में दलित, पिछड़ा, मुस्लिम कार्ड खेल गईं। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस को आधे हाथ लेते हुए तीनों ही वर्ग को जोड़ने की कोशिश की। इसके साथ ही किसानों को भी साधा। कहा कि कांग्रेस और भाजपा ने गरीब, पिछड़े, दलितों, मुस्लिम के साथ धोखा किया। उन तक योजनाएं नहीं पहुंच रही हैं। आरक्षण का कोटा भी अधूरा रखा गया है। भाजपा सरकार में भी दलितों और मुस्लिम का शोषण बंद नहीं हुआ है। गरीब लोगों की हालत ठीक नहीं है।

गलत नीतियों के चलते मध्यम वर्ग के लोग भी दुखी और परेशान हैं। देश और प्रदेश में महंगाई और भ्रष्टाचार बढ़ा है। कहा कि चार बार उत्तर प्रदेश में बसपा की सरकार के दौरान बहुत काम हुए। अगर फिर सरकार बनाने का मौका मिलेगा तो विरोधी पार्टियों की तरह हवा-हवाई काम नहीं किया जाएगा। पिछले कई सालों से भाजपा सरकार गरीब लोगों का वोट लेने के लिए फ्री में राशन देती है, लेकिन जब चुनाव होता है तो उनसे इसका कर्जा उतारने को कहते हैं।

> *गरीबों की राशन देना भाजपा की मेहरबानी नहीं है, आप जो टैक्स देते हैं, उससे यह खाद्य सामग्री आती है। सरकार नहीं देती। उन्होंने कहा जब-जब बसपा के नेतृत्व में यूपी में सरकार बनी है। किसान वर्गों के लोगों का विशेष ध्यान रखा गया है। अमरोहा ढोलक कारीगरी के साथ-साथ किसानी के मामले में काफी आगे है। यहां के किसानों और कारोबारियों का भाजपा ने ध्यान नहीं रखा।*
>
> **बसपा सुप्रीमो मायावती**

### पीडीएम न्याय मोर्चा ने घोषित किए सात प्रत्याशी

**लखनऊ।** असदुद्दीन ओवैसी और पल्लवी पटेल द्वारा यूपी में बनाए गए पीडीएम न्याय मोर्चा ने रविवार को जारी दूसरी सूची में सात प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है। उन्नाव से धनीराम पाल, कन्नौज से डा. दानिश अली, कानपुर नगर से राम आसरे पाल, गाजीपुर से सुबेदार बिंद, घोसी से प्रेमचंद्र उर्फ क्रांति निषाद, सीतापुर से मो. काशिफ अंसारी तथा प्रयागराज से हंसराज कौल को प्रत्याशी घोषित किया गया है।



# मास्टरमाइन्ड समेत चार गिरफ्तार

**पर्चा लीक**

▸▸ आरओ और एआरओ भर्ती परीक्षा पेपर लीक का मामला

▸▸ दो लाख रुपये, दो लग्जरी गाड़ियां समेत कई दस्तावेज मिले

संवाददाता



**लखनऊ।** समीक्षा अधिकारी (आरओ)/ सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) का पर्चा लीक कराने के मामले में एसटीएफ ने रविवार को एक और मास्टरमाइन्ड डॉ. शरद व उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया। मुख्य मास्टरमाइन्ड राजीव नयन ने गिरफ्तार होने पर डॉ. शरद का नाम लिया था। डॉ. शरद इससे पहले भी कई प्रतियोगी परीक्षाओं का पर्चा लीक कराने में शामिल रहा है। इस मामले में कई और लोग भी एसटीएफ की रडार पर हैं। गिरफ्तार आरोपितों के पास दो लाख रुपये, दो लग्जरी गाड़ियां समेत कई दस्तावेज मिले हैं। एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश के मुताबिक मास्टरमाइन्ड डॉ. शरद सिंह पटेल मूल रूप से मिर्जापुर के चुनार का रहने वाला है। लखनऊ में वृन्दावन योजना स्थित लवनेस्ट अपार्टमेंट में रह रहा था। उसके साथ पकड़े गये लोगों में राजा बाजार निवासी अभिषेक शुक्ला, प्रयागराज के झूसी निवासी कमलेश कुमार पाल और प्रयागराज के कैंट निवासी अर्पित विनीत यशवंत हैं। एसटीएफ के डिप्टी एसपी लाल प्रताप सिंह ने बताया कि 14 मार्च को इस मामले में बर्खास्त सिपाही अरुण कुमार सिंह और पारा स्थित जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल का प्रबन्धक सौरभ शुक्ला को पकड़ा गया था।

### आतंकी ठिकाने से आठ आईईडी, दो वायरलेस सेट जब्त

**राजौरी/जम्मू ।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के एक गांव में सुरक्षाबलों ने रविवार को आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ कर वहां से आठ इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), दो वायरलेस सेट और कुछ गोला-बारूद बरामद किया।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक बरामद की गयी विस्फोट सामग्री काफी जंग लगी हुई हालत में थी, जिससे पता चलता है कि दो दशक पहले आतंकवाद से मुक्त होने से पहले जब जिले में आतंकवादी सक्रिय थे तब इस ठिकाने का उपयोग किया जा रहा था।

## राम मंदिर में शुरू हुई नई व्यवस्था

▸▸ रामलला के दर्शन से पहले श्रद्धालुओं को देनी होगी कड़ी परीक्षा

संवाददाता



**अयोध्या।** अयोध्या के राम मंदिर में पहुंच रहे श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन अब आसानी से नहीं मिल सकेंगे। इसके लिए पहले उन्हें कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा। इसके बाद ही रामलला के दर्शन के लिए एंट्री मिलेगी। दरअसल रामनवमी मेला के बाद दोबारा बहाल हुई आरती व सुगम दर्शन पास में फर्जीवाड़ा पर अंकुश के लिए पास धारक श्रद्धालुओं की त्रिस्तरीय जांच की व्यवस्था पहली बार लागू कर दी गई है। इस जांच के लिए पास धारकों को निर्गत पास के आईडी को अपने साथ लेकर जाने की अनिवार्यता हो गयी है। पहले यह अनिवार्यता नहीं थी और पास देखकर श्रद्धालुओं को प्रवेश दे दिया जाता था लेकिन अब पास धारक को सत्यापन के रोक कर पूछताछ की जा रही है। फिर प्रवेश दिया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि पूर्व व्यवस्था के कारण साइबर खिलाड़ी दूसरों के आईडी प्रूफ पर लोगों को भेजकर वसूली कर ले रहे थे। पिछले दिनों धनराशि लेकर दर्शन कराने के मामले की जांच हुई तो इस प्रकार के चौंकाने वाले मामले भी सामने आए।

# इंडिया की महारैली में हंगामा

▸▸ रांची में आपस में भिड़े कार्यकर्ता, एक-दूसरे पर फेंकी कुर्सियां

एजेंसी



**रांची।** झारखंड में विपक्ष की महारैली के लिए पूरे देश से कई राजनीतिक नेता रांची आए हुए हैं। दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित रैली के बाद ये इंडिया गठबंधन की दूसरी महारैली है। इस बीच कुछ ऐसा हुआ जिसकी उम्मीद किसी को नहीं थी। रैली के दौरान ही कुछ कार्यकर्ता आपस में भिड़ पड़े जिसके बाद जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान कार्यकर्ता एक दूसरे पर कुर्सियां फेंकते भी नजर आए। कई लोग खुद को बचाने के लिए इधर उधर भागते भी नजर आए। इस दौरान कार्यकर्ताओं के घायल होने की भी खबर है। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है जिसमें कार्यकर्ता एक दूसरे पर कुर्सी फेंकते नजर आ रहे हैं।

बताया जा रहा है कि जिन कार्यकर्ताओं में झड़प हुई वह कांग्रेस और आरजेडी के थे। चतरा से कांग्रेस नेता केएन त्रिपाठी को टिकट देने का आरजेडी कार्यकर्ता विरेध कर रहे थे। इसी मुद्दे पर ये झड़प हुई। इसके बाद सिटी एसपी ने बीचबचाव कर मामला सुलझाया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

बता दें, रांची में इंडिया गठबंधन की महारैली आयोजित की गई है। इसमें 14 राजनीतिक दलों ने शिरकत की है। ये रैली दिल्ली के मख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ रामलीला मैदान में हुई रैली की तर्ज पर आयोजित की गई है जिसमें हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का विरोध किया जा रहा है। इस दौरान राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को दावा किया कि झारखंड की जनता पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ हुए अन्याय के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मुं हतोड़ जवाब देगी।

## मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही बीजेपी, हम सुरक्षित नहीं

▸▸ ममता बनर्जी ने लगाए गंभीर आरोप

संवाददाता



**कुमारगंज (बंगाल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन्हें और उनके भतीजे एवं तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को निशाना बना रही है तथा वे दोनों सुरक्षित नहीं हैं।

विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक दिन पहले कहा था कि सोमवार को एक बड़ा धमाका होगा, जो तृणमूल और उसके शीर्ष नेतृत्व को हिला कर रख देगा, जिसके बाद ममता ने यह आरोप लगाया है। बलूरघाट लोकसभा क्षेत्र के कुमारगंज में पार्टी उम्मीदवार और राज्य में मंत्री बिप्लब मित्रा के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा, भाजपा मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही है। हम सुरक्षित नहीं हैं लेकिन हम केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की साजिश से भी नहीं डरते हैं।

# जेल के ताले टूटेंगे, अरविंद केजरीवाल छूटेंगे

एजेंसी



**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल की शुगर की बीमारी का जिक्र करते हुए सुनीता ने कहा, एक शुगर का मरीज है और वह पिछले 12 साल से हर दिन 50 यूनिट इंसुलिन ले रहे हैं। लेकिन जेल में उन्हें इंसुलिन नहीं दिया जा रहा है। वे दिल्ली के सीएम को मारना चाहते हैं। वे बहुत बहादुर हैं। वह शेर है।

इंडिया गठबंधन की उलगुलान न्याय रैली में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने अपनी बात रखी। सुनीता केजरीवाल ने रैली में दिल्ली सीएम के स्वास्थ्य का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आम आदमी पार्टी के शब्दों को दोहराते हुए आरोप लगाया कि केजरीवाल को मारने की साजिश रची जा रही है। सुनीता केजरीवाल ने कहा, अरविंद केजरीवाल को सत्ता की कोई इच्छा नहीं है। वह सिर्फ देश की सेवा करना चाहते हैं। वह देश को नंबर 1 बनाना चाहते हैं। बहुत से लोग कहते हैं कि ये मुश्किल है। उन्होंने आगे नारा लगाया जेल के ताले टूटेंगे, अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन छूटेंगे। आगे बोलते हुए सुनीता केजरीवाल ने कहा, कई लोगों ने कहा कि राजनीति बहुत गंदी चीज है। वाकई बहुत गंदी चीज है। उनके खाने पर कैमरा लगाया हुआ है। उनके हर निवाले पर नजर रखी हुई है, कितनी शर्म की बात है।

अरविंद केजरीवाल की शुगर की बीमारी का जिक्र करते हुए सुनीता ने कहा, एक शुगर का मरीज है और वह पिछले 12 साल से हर दिन 50 यूनिट इंसुलिन ले रहे हैं। लेकिन जेल में उन्हें इंसुलिन नहीं दिया जा रहा है।

### कांग्रेस नेता हरक सिंह की बहू अनुकृति गुसाईं भाजपा में शामिल

**देहरादून।** उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब एक बार फिर कांग्रेस का दामन छोड़ चुके लोगों ने भाजपा ज्वॉइन करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में रविवार को देहरादून में प्रदेश भाजपा मुख्यालय में कांग्रेस से इस्तीफा देने वाली पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत की पुत्रवधु अनुकृति गुसाईं और कांग्रेस से उधमसिंह नगर की जिला पंचायत अध्यक्ष रेणु गंगवार तथा उनके पति सुरेश गंगवार भाजपा में शामिल हो गए। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पार्टी मुख्यालय में उन्हे पार्टी की सदस्यता दिलाई।

# किसने मां का दूध पिया है जो...

▸▸ संदेशखाली मामले को लेकर ममता सरकार पर बरसे राजनाथ सिंह

एजेंसी



**कोलकाता।** भाजपा के सीनियर नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में अराजकता का माहौल है। देश में पश्चिम बंगाल अपने अपराध के लिए जाना जा रहा है और सांप्रदायिकता के लिए इसके चर्चे हो रहे हैं। राजनाथ ने कहा, यहां एक महिला मुख्यमंत्री के रहते संदेशखाली जैसी घटनाएं होती हैं। यहां ईडी-सीबीआई जांच के लिए आते हैं तो उनके ऊपर गुंडे हमले करते हैं। संदेशखाली की घटना से पूरी मानवता शर्मसार हुई है। राजनाथ सिंह ने कहा, एक बार पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी का झंडा फहरा दीजिए... फिर हम देखते हैं कि किसने मां का दूध पिया है जो संदेशखाली जैसी घटना को दोहराने की जुर्रत करता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में जहां सुनिए वहीं घोटाला होता है। ममता दीदी आपके नाम में ही ममता है। ममता तो मां का स्वभाव होता है, फिर आपको जनता का दुख-दर्द क्यों नहीं दिखाई देता है।

# सिविल अधिकारियों की जिम्मेदारी और कठिनाई पर चर्चा जरूरी

## सम्पादकीय

# युद्ध की आहट

33वर्षों में पहली बार एक विदेशी राष्ट्र ने 13 अप्रैल (शनिवार) को इजरायल पर हमला किया। आखिरी बार 1991 में इराक ने इजरायल पर स्कड मिसाइलों से हमला किया था। यह ईरान था जिसने पिछले सप्ताह के अंत में इजरायल में विभिन्न इलाकों पर 360 से अधिक मिसाइल और ड्रोन प्रक्षेपित किए थे। यह हमला धीमी गति से चलने वाले ड्रोन (जो ईरान से इजरायल तक जाने में छह घंटे से अधिक समय लेते हैं), तेज क्रूज मिसाइलों और बहुत उच्च गति वाली बैलिस्टिक मिसाइलों का एक संयोजन था जो ध्वनि की गति से भी तेज हैं। ईरान के विदेश मंत्री ने इजरायल पर इस सुनियोजित हमले को लेकर पड़ोसी देशों को 72 घंटे की चेतावनी दी थी। उधर इजरायल लगभग 99 प्रतिशत मिसाइलों और ड्रोन को रोकने में कामयाब रहा और इसलिए उसका बहुत नुकसान नहीं हुआ। यह परिष्कृत मिसाइलरोधी रक्षा प्रणाली- आयरन डोम के कारण संभव हुआ जिसे इजरायल ने अमेरिकी और ब्रिटिश मदद से बनाया था और इस बार जॉर्डन की धरती पर भी तैनात किया गया था। रक्षा के उन कुछ घंटों के लिए अनुमानित खर्च लागत लगभग 1.1 बिलियन डॉलर थी। रक्षा आपूर्तिकर्ताओं, मुख्य रूप से अमेरिकी कंपनियों को इस तरह की तैनाती से लाभ होगा। बेशक, दो साल पहले शुरू हुए यूक्रेन युद्ध के कारण हथियार प्रणालियों के अमेरिकी निर्माताओं को पहले ही काफी फायदा हुआ है। ईरान द्वारा उस रात ड्रोन और मिसाइलों से किए हमले की लागत शायद एक अरब डॉलर के करीब है। इजरायल द्वारा 1 अप्रैल को सीरिया के दमिश्क में ईरानी दूतावास पर किए हमले के प्रतिशोध में ईरान ने यह हमला किया था। इस हमले में ईरान के दो वरिष्ठ जनरलों की मौत हो गई थी। बिना किसी उकसावे के किए इस हमले को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अधिकृत क्यों किया, वह भी एक राजनयिक लक्ष्य पर? क्या इजरायल हमास के साथ संघर्ष के दायरे को और विस्तारित करने की कोशिश कर रहा था तथा एक बढ़ते युद्ध में अन्य देशों को खींच रहा था? क्या उसे यह पता नहीं था कि ईरान के दूतावास पर उसकी कार्रवाई किसी जवाबी कार्रवाई को आमंत्रित करेगी? या इसने ईरान द्वारा कड़ी प्रतिक्रिया को गलत समझा? इजरायल के साथ सहानुभूति रखने वालों का तर्क होगा कि इजरायल की कार्रवाई अकारण नहीं थी। यह इजरायल के क्षेत्र के भीतर हमास का समर्थन करने वालों को दंडित करना था। सभी लोग जानते हैं कि इजरायल के भीतर हमास, लेबनान में हिजबुल्लाह और यमन में हौथिस को ईरान का मौन समर्थन है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को विफल करने और हमास तथा हिजबुल्लाह के समर्थन का बदला लेने के लिए इजराइल ने पहले भी ईरान के बुनियादी ढांचे और सैन्य स्थलों पर हमले किये हैं। ईरान ने भी अपनी परमाणु हथियार क्षमता के निर्माण की गति को बनाए रखा है। इजरायल निश्चित रूप से एक परमाणु सशस्त्र राष्ट्र है जिसने परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। ईरान द्वारा इजरायल पर ड्रोन और मिसाइल के असफल हमले को कुछ टेलीविजन और सोशल मीडिया चौनलों ने तृतीय विश्व युद्ध की शुरुआत बताया। शेयर बाजारों में हड़बड़ाहट दिखाई दी। ईरान की जवाबी कार्रवाई की आशंका में शुक्रवार को ही न्यूयॉर्क का डाउ इंडेक्स 2.4 फीसदी गिर गया था। दुनिया भर में शेयरों में और गिरावट की आशंका है। सोने की कीमत अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है और 2400 डॉलर प्रति औंस के करीब है। भारत में जल्द ही दस ग्राम सोने का मूल्य 80,000 रुपये को पार कर सकता है। जोखिम से बचने वाले उन निवेशकों द्वारा सोने की उच्च मांग की सहज प्रतिक्रिया है, जिन्हें डर है कि अन्य सभी संपत्तियों की कीमतों में भारी गिरावट आएगी। यह संघर्ष मध्य पूर्व से तेल आपूर्ति को बाधित करेगा इसलिए तेल की कीमतें निश्चित रूप से बढ़ेंगी। माल ढुलाई दरों और हवाई कार्गो के लिए जोखिम प्रीमियम में भी बढ़ेगा जिसके कारण अंतरराष्ट्रीय व्यापार की लागत में वृद्धि होगी। इस सारे घटनाक्रम का भारत पर तिहरा दबाव पड़ता है। यह हमारे विदेशी मुद्रा भंडार को कम करता है, विनिमय दर पर दबाव डालते हुए व्यापार घाटे को बढ़ाता है और चूंकि पेट्रोल व डीजल की कीमतें प्रभावित होंगी इसलिए मुद्रास्फीति में वृद्धि का कारण बन सकता है। मार्च में समाप्त होने वाली चौथी तिमाही में मंदी देखी गई थी तथा उस तिमाही के लिए जीडीपी विकास दर 6 प्रतिशत के करीब हो सकती है। निवेशकों का बिगड़ता मिजाज जीडीपी वृद्धि को और भी धीमा कर सकता है हालांकि चुनाव खर्च आम तौर पर जीडीपी को ऊपर उठाए रखता है। यदि वैश्विक आर्थिक मिजाज का अंदाजा लगाया जाए तो व्यापारिक वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ठीक उसी तरह जैसे हौथियों के हमलों के कारण लाल सागर के व्यापार मार्ग में व्यवधान ने समुद्री व्यापार की लागत में वृद्धि की है।

---

" संविधान सभा में अनेक सदस्यों ने अंग्रेजीराज के सिविल ढांचे को समाप्त करने की मांग की थी। सरदार पटेल ने कहा था, हमने इनके साथ कठिन समय में काम किया है। मेरे ख्याल से इन्हें बनाए रखना जरूरी है। पटेल ने स्वतंत्र भारत के सिविल अधिकारियों की पहली खेप को 21 अप्रैल को 1947 में सम्बोधित किया था। यह एक महत्वपूर्ण क्षण था। इसीलिए इस तिथि को सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। तब से 77 वर्ष बीत गए।



हृदयनारायण दीक्षित




भारतीय प्रशासनिक सेवा ने बड़ा लम्बा सफर तय किया है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक प्रशासन का मुख्य लक्ष्य लोकहित ही रहा है। उनकी योग्यता और प्रतिभा बेजोड़ रही है। लेकिन तमाम ज्ञान गरिमा से युक्त होने के बावजूद वे भारतीय जनमानस के आत्मीय हित साधक नहीं बन सकते। प्रशासन और भारतीय जनता के मध्य दूरी है। प्रशासन एक तरह से स्थाई कार्यपालिका है। इसके कामकाज में आमजनों के साथ सम्पर्कों में संवेदनशीलता का अभाव देखा गया है। संविधान सभा में अनेक सदस्यों ने अंग्रेजीराज के सिविल ढांचे को समाप्त करने की मांग की थी। सरदार पटेल ने कहा था, हमने इनके साथ कठिन समय में काम किया है। मेरे ख्याल से इन्हें बनाए रखना जरूरी है। पटेल ने स्वतंत्र भारत के सिविल अधिकारियों की पहली खेप को 21 अप्रैल को 1947 में सम्बोधित किया था। यह एक महत्वपूर्ण क्षण था। इसीलिए इस तिथि को सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। तब से 77 वर्ष बीत गए।

संवेदनशील प्रशासन राष्ट्रीय अपरिहार्यता है। उत्कृष्ट प्रशासन प्राचीन काल से ही किसी न किसी रूप में समाज के लिए जरूरी रहा है। भारत का वर्तमान प्रशासन प्राचीन काल की प्रशासनिक व्यवस्थाओं का विकास है। इसका प्राचीनतम स्वरूप ऋग्वैदिक काल में भी मिलता है। ऋग्वेद के समाज की सबसे छोटी इकाई कुटुम्ब या परिवार थी। परिवार का सबसे वरिष्ठ कुटुम्ब का प्रधान संचालक होता था। घर के मुखिया की बात सब लोग मानते थे। अनेक परिवारों से मिलकर बनने वाली राजनीतिक इकाई ग्राम थी। राजनीतिक दृष्टि से ग्राम का प्रमुख ग्रामणी कहलाता था। वह स्वयं ग्राम का प्रशासनिक अधिकारी भी था। अनेक ग्रामों से बनी बड़ी इकाई विश कहलाती थी। विश के प्रशासनिक अधिकारी को विशपति कहते थे। विश से बड़ी इकाई जन होती थी। जन के संचालक प्रशासनिक अधिकारी को गोप कहा जाता था। गोप प्रायः राजा ही होते थे। ऋग्वैदिक समाज में गणतंत्र भी थे। राजा निरंकुश नहीं था। राजा राज्याभिषेक के समय प्रजा के हित में काम करने की शपथ लेता था। राजा को जवाबदेह बनाने वाली दो लोकतांत्रिक संस्थाएं भी थीं। इन्हें सभा और समिति कहा गया। लुडविग ने लिखा है, समिति जनसाधारण की संस्था थी। सभा वरिष्ठों की संस्था थी। उस समय के नियम सबको मान्य थे।

नियम या विधि को ऋग्वेद में धर्म ने कहा गया है। ग्रिफ्थ ने धर्मन का अनुवाद लॉ या लॉज किया है। ग्राम में न्याय करने के लिए ग्रामवादिन नाम की न्यायायिक संस्था भी थी। वैदिक काल के बाद सिन्धु घाटी की सभ्यता का समय (2250 ईसापूर्व से 1750 ईसापूर्व तक) आता है। व्हीलर और पिगट के अनुसार मोहनजोदड़ो और हड़प्पा के राज्य ठीक से संचालित थे। सिन्धु सभ्यता में सड़कें सुनियोजित थी। जल निकासी की व्यवस्था थी। अनुमान किया जाता है यहां नागरिक संस्थाएं थीं। पिगट के अनुसार व्यवस्थित निर्माण कार्य से अनुमान लगता है कि यहां नगर पालिकाएं जैसी संस्थाएं भी रही होंगी। सम्पूर्ण सिन्धु क्षेत्र में प्रशासन व्यवस्थित था। उत्तर वैदिक काल में शक्तिशाली राजाओं का उदय दिखाई पड़ता है। उत्तर वैदिक काल में प्रशासनिक काम करने वालों की संख्या बड़ी है। महाभारत में बड़े राज्यों का उल्लेख है।

चन्द्रगुप्त मौर्य के काल में भारत ने पहली बार राजनैतिक एकता हासिल की। यह विशाल साम्राज्य था। चन्द्रगुप्त मौर्य स्वयं में योग्य प्रशासक थे। कौटिल्य का अर्थशास्त्र, मैगस्थनीज की इंडिका, अशोक के शिलालेख व यूनानी साहित्य में मौर्य शासन व्यवस्था की तमाम जानकारी हैं। भारतीय प्रशासन के विकास में मौर्य शासन के अनेक तत्व हैं। भारत परम्परा प्रिय देश है। यहां के समाज में कालवाह्य को छोड़ने और कालसंगत को जोड़ने की क्षमता रही है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक लोक प्रशासन को जनोन्मुखी बनाने के प्रयास चलते रहे हैं। आदर्श राजव्यवस्था के संवेदनशील प्रशासन के विवरण कौटिल्य के अर्थशास्त्र में मिलते हैं और महाभारत में भी। कौटिल्य संवेदनशील प्रशासन के व्याख्याता हैं। वाल्मीकि की रामायण में श्रीराम की आदर्श राजव्यवस्था के उल्लेख हैं। वाल्मीकि द्वारा लिखी आदर्श राजव्यवस्था काल्पनिक नहीं है। तुलसीदास ने आज से 450 वर्ष पहले रामचरितमानस लिखी थी। रामचरितमानस में भी आदर्श राजव्यवस्था की खूबसूरत झांकी है। राम राज्य कल्पना नहीं है। आदर्श राजव्यवस्था के सूत्र ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक एक जैसे हैं। अंग्रेजी सत्ता के समय भारत को साम्राज्यवाद का शोषण क्षेत्र बनाने की कोशिशें की गईं। अंग्रेजी सत्ता का उद्देश्य भारत की जनता को सुन्दर प्रशासन देना नहीं था। वे यहां से कच्चा माल इंग्लैंड ले जाते थे। उसके उपयोग से अंग्रेजी ब्रांड की वस्तुएं बनाते थे। यहाँ से कपास इंग्लैंड जाता था। वहां से %मेड इन इंग्लैंड% के कपड़े बनकर आते थे। भारतीय व्यापारी और किसान कर्ज में डूब गए थे। अंग्रेजों का प्रशासन संवेदनहीन था। ईसाई मिशनरी अंग्रेजी सत्ता के दुरुपयोग से धर्मांतरण कराते थे। लेकिन भारतीय संस्कृति और दर्शन का डंका चारों ओर पिट रहा था। भारतीय प्रशासन के लिए इंग्लैंड से सिविल अधिकारी आते थे। मैक्समूलर भारतीय दर्शन और संस्कृति के व्याख्याता थे। उन्होंने भारत आने वाले सिविल अधिकारियों को पढ़ाया था कि दुनिया का सर्वश्रेष्ठ मस्तिष्क भारतवासियों का है। संस्कृत दुनिया की आदर्श भाषा है। भारतीय दर्शन विज्ञान को ध्यान से समझ कर स्वयं का निजी जीवन और समाज को श्रेष्ठ बनाया जा सकता है। यह बातें भारत का कोई व्यक्ति नहीं कह रहा था। जर्मनी के विद्वान मैक्समूलर भारत जाने वाले सिविल अधिकारियों को भारत को समझने की प्रेरणा दे रहे थे। उनका सारा भाषण %व्हाट इंडिया कैन टीच अस% के नाम से संकलित है। अंग्रेजी प्रशासकों को भारत समझना जरूरी था। मोटे तौर पर अंग्रेजी शासन और वैधानिक व्यवस्था की वास्तविक शुरुआत भारत शासन अधिनियम 1935 से होती है। संविधान निर्माताओं ने भारतीय प्रशासन के गठन में 1935 के अधिनियम की बातें लगभग यथावत रखी हैं। राजनैतिक कार्यपालिका विधायी सदनों के प्रति जवाबदेह है। मंत्रीगणों को सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर तैयार कराने में प्रशासन की मुख्य भूमिका होती है। प्रश्नोत्तरों की तैयारी में हुई त्रुटि का खामियाजा सदन में मंत्री को भुगतना पड़ता है। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य भी उत्साहवर्द्धक सम्बंध नहीं दिखाई पड़ते। बहुधा विधायकों और सांसदों से प्रशासनिक अधिकारियों के बीच अप्रिय कलह की खबरें आती रहती हैं।

टेलीफोन न उठाने और जनप्रतिनिधियों के पत्रों के उत्तर न देने की शिकायतें पुरानी हैं। विधायी सदनों की समितियों में प्रशासनिक अधिकारियों को सम्बंधित विषय पर साक्ष्य के लिए आमंत्रित किया जाता है। अध्यक्ष विधानसभा के रूप में मेरा अनुभव रहा है कि समिति के भीतर जनप्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए उत्तर अधिकारियों को नागवार लगते हैं। निर्वाचित सरकार के द्वारा बनाए गए कार्यक्रमों को पूरा करना सिविल अधिकारियों की जिम्मेदारी है। विकास कार्यों को ठीक से सम्पन्न कराना भी इन्हीं की जिम्मेदारी है। लेकिन तमाम राज्यों में भिन्न-भिन्न विभागों के लिए निर्धारित बजट का बड़ा भाग उपयोग में ही नहीं आता। आज के इस महत्वपूर्ण दिवस पर सिविल अधिकारियों की जिम्मेदारियों और उनकी कठिनाइयों पर बेबाक चर्चा होनी ही चाहिए।

---

## सरोकार

# राजनाथ शर्मा : समाजवादी आंदोलन के सशक्त स्तंभ


**पाटेश्वरी प्रसाद**

बाराबंकी, लखनऊ मरकज के माथे पर इंदूरी बिंदी रहा है। अदब में, सियासत में, सामाजिक समरसता में यह बसावट आज भी अपनी जिंदादिली लिए तन कर खड़ा है। इस जमीन से उठ कर देश भर के नौजवानों के बीच छा गए एक शख्सियत का नाम है राजनाथ शर्मा। 80 साल का यह चिर युवजन आज भी लोगो के हक और हुकूक के लिए उनका अलम्बरदार है। गांधी लोहिया की दी हुई सीख पर खड़े राजनाथ शर्मा की सियासी जिंदगी घर मकान की कभी भी बंधक नही रही, इस शख्स को मोहब्बत थी सत्ता से टकराने की, सड़क गर्म करने की, जेल काटने की। राजनाथ शर्मा समाजवाद के अभिलेखागार हैं। अगर आप समाजवाद को जानना समझना चाहते हैं। तो उन्हें खंगालना पड़ेगा। वो वह जिन्दा कौम है जो पांच साल इन्तजार नही करती। राजनाथ जी जब सत्ता में रहते हैं। तब भी सडक पर संघर्ष के हिमायती है। भाषा में भदेस राजनाथ जी के राजनीति में दोस्त कम दुश्मन ज्यादा है। क्योंकि कबीर की तरह लुकाठी हाथ में लेकर सच कहने का उनमें बूता है। इसलिए बारी बारी में सभी समाजवादियों ने सत्ता का स्वाद चखा। पर शर्मा जी अस्सी बरस से सत्ता के हाशिए पर ही बैठे रहे। खादी राजनाथ जी का वस्त्र है और गांधी विचार। सिविल नाफरमानी के वह योद्धा हैं। ना मानेंगे ना मारेंगे उनके जीवन का सूत्र है। जब भी उनके समाजवादी दोस्त सत्ता में आए और दोस्तों को मुगालता हुआ कि वे सरकार हैं। तो राजनाथ शर्मा उनके खिलाफ भी खड्गहस्त हुए। इसलिए वे हमेशा सड़क पर रहे। यहीं जज्बा उन्हें दुर्लभ और विकट समाजवादी बनाता है। छात्र जीवन से शुरू हुआ समाजवादी सफर अपने अस्सी बसंत की शुरूआत तक चिरयुवा बना हुआ है। साल 1944-45 के चैत्र मास की तेरस को माता राम कुमारी जी और पिता पं गोकुल प्रसाद शर्मा के घर राजनाथ शर्मा का जन्म हुआ। पिता की सामाजिक गतिविधियों में सक्रियता के चलते वह बचपन से ही समाजवादी विचारधारा से जुड़ गए। आजादी के बाद 1952 में हुए पहले आम चुनाव में राजनाथ शर्मा के परिवार के एक वरिष्ठ सदस्य स्व. डॉ राम अभिलाष शर्मा स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़े। उनका चुनाव निशान तराजू था। इस चुनाव में नन्हें राजनाथ शर्मा बैलगाड़ी पर बैठकर लाउड स्पीकर से भीड़ जुटाने का काम करते थे। कुछ समय बाद पढ़ाई के लिए बाराबंकी आ गए। जहां उन्होंने जिला छात्र संघ नामक संगठन बनाया और छात्रों की समस्याओं की लड़ाई शुरू की। कुछ समय बाद नगर पालिका के अध्यक्ष रहे बाबू राम सिंह, जिन्हें बाराबंकी का आयरन मैन कहा जाता था। 15 अगस्त के जलसे में कुछ विद्यार्थियों पर नगर पालिका के कर्मचारी और सदस्यों ने अभद्र व्यवहार किया। इसको लेकर राजनाथ शर्मा ने एक आंदोलन चलाया। जिसमें उन्होंने मांग रखी कि नगर पालिकाध्यक्ष बाबू राम सिंह सार्वजनिक माफी मांगे। तब यह आंदोलन खत्म होगा। इस अन्दोलन में छात्रों के साथ-साथ आमजन का भी जुड़ाव होने लगा। तब देर रात घंटाघर पर जुटी को सम्बोधित करने बाबू राम सिंह आए और सार्वजनिक माफी मांगी।

उन्नीस साल की उम्र में वे जेल इसलिए गए कि डा. लोहिया के नेतृत्व में वे किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाना चाहते थे। फिर बीस बरस की उम्र में वे जेल इसलिए गए कि अंग्रेजी हटाना चाहते थे। क्योंकि वे चाहते थे कि गॉधी लोहिया की अभिलाषा, चले देश में देश की भाषा। तीसरी बार राजनाथ जेल गए 'सोशलिस्टों ने बांधी गांठ पिछाड़ पावें सौ में साठ' इस उद्घोष के साथ। जीवन में अब तक राजनाथ जी का दूसरा ठिकाना जेल बन गया। डा राममनोहर लोहिया से समाजवाद का पाठ सीखने वाले श्री शर्मा गांधी के विचारों का अनुसरण कर देश व समाज में सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह का परचम आज तक लहरा रहे हैं। इस मार्ग पर चलते हुए उन्हें अनेक बार जेल जाना पड़ा। हिन्दी आन्दोलन रहा हो, किसानों की समस्या रही हो या आपातकाल का विरोध रहा हो, अन्याय और शोषण के विरूद्ध राजनाथ शर्मा खुद संघर्ष करते नज़र आते हैं। सन् 1965 में राजनाथ शर्मा नें डा. लोहिया के निर्देश पर भारत, पाकिस्तान, बंग्लादेश का महासंघ बनाने का आन्दोलन शुरू किया। इस सपने को धरातल पर उतारने का उनका प्रयास आज भी जारी है। आज भी वह देश में बढ़ती हुई असहिष्णुता और साम्प्रदायिकता के विरोध में अनेक आयोजन करते रहते हैं। राजनाथ शर्मा ने समय-समय पर जनसरोकार से जुड़े मुददों को शासन एवं प्रशासन के सामने रखा। उन्होंनें आमजन के बीच पैदा होने वाली प्रमुख समस्याओं से भी सरकारों को चेताया है। राजनाथ शर्मा द्वारा सरकार से जुड़ी स्वच्छता, पेयजल, जल संचयन, पर्यावरण संरक्षण जैसी अति महत्त्वपूर्ण योजनाओं में भी सार्थक भूमिका अदा की गई है। जनपद बाराबंकी ही नहीं अपितु कई अन्य जनपदों एवं प्रांतों में भी वह किसानों, गरीबों, मजदूरों एवं नौजवानों के हितार्थ लगातार आन्दोलन करते रहते हैं। फिर भी उनका व्यक्तित्व अत्यन्त मधुर एवं सरल स्वभाव का है। राजनाथ शर्मा विगत पांच दशक से गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट के माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन दर्शन, मद्यनिषेध, कौमी एकता एवं स्वदेशी स्वालम्बन पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बाराबंकी जनपद में एक गांधी भवन की स्थापना की है।

---

# 18वीं लोकसभा चुनाव भारतीय लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण क्यों




**नित्य चक्रवर्ती**

भारत में 18वीं लोकसभा के चुनाव का पहला चरण 19 अप्रैल को 102 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के साथ चुनाव शुरू हो गए। देश की लगभग 142 करोड़ आबादी में से 90 करोड़ मतदाताओं को कवर करने वाले सात चरण के चुनाव, 543 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने के बाद 1 जून को समाप्त होंगे। परिणाम 4 जून को घोषित किये जायेंगे जिसके बाद यह स्पष्ट हो जायेगा कि सत्तारूढ़ भाजपा और एनडीए की ओर से प्रचार अभियान की कमान संभाल रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नयी लोकसभा में तीसरा कार्यकाल मिलेगा या नहीं।

इस लेखक को 1951-52 में हुए पहले लोकसभा चुनावों के बाद से सभी लोकसभा चुनावों को देखने का सौभाग्य मिला है - शुरुआत में दस साल की उम्र में कलकत्ता में एक वामपंथी पार्टी के स्वयंसेवक के रूप में। एक कार्यकर्ता के रूप में यह चरण 1969 तक कॉलेज और विश्वविद्यालय के दिनों तक जारी रहा। फिर 1969 से अब तक की भूमिका एक पत्रकार के रूप में लोकसभा चुनावों पर नजर रखने और देश के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर अभियान को कवर करने की रही है। इस बार भी, 82 वर्ष की आयु में, मैंने तमिलनाडु और पुडुचेरी की यात्रा की है और उसके बाद पश्चिमी जिलों को कवर करते हुए उत्तर प्रदेश की यात्रा की है। मैं कुछ दावे के साथ कह सकता हूं कि 2024 का लोकसभा चुनाव ऐसा होने जा रहा है जिसमें सत्तारूढ़ दल भाजपा की तुलना में विपक्षी दलों के लिए चुनाव मैदान में सबसे खराब असमान अवसर की स्थिति है। यहां तक कि 2019 के लोकसभा चुनावों में भी, समान अवसर के मामले में विपक्ष बेहतर स्थिति में था। सत्तारूढ़ शासन जिन तीन तरीकों से विपक्ष के समान अवसर को नष्ट कर रहा है, उनमें पहला है- विपक्ष के वित्तीय संसाधनों को निचोड़ना। कांग्रेस पार्टी को इसका मुख्य निशाना बनाया गया है। दूसरा है-विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों, जैसे ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग का दुरुपयोग करते हुए महत्वपूर्ण विपक्षी नेताओं तथा उन्हें धन देने वाले दाताओं के विरुद्ध कार्रवाई करना। तीसरा है- प्रधानमंत्री और भाजपा के विचारों का प्रचार करने के लिए मीडिया, विशेषकर टीवी चौनलों पर पूर्ण नियंत्रण करना जो साथ-साथ विपक्ष के कार्यक्रमों और विचारों को बुरी तरह से दिखाये।यह रणनीति सोच-समझकर बनाई गई रणनीति है और इसका कार्यान्वयन 2019 के चुनावों के बाद पीएम नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से शुरू हुआ। अभी, बड़ी आबादी वाले दो अन्य देशों-दक्षिण अफ्रीका और मैक्सिको में भी राष्ट्रीय चुनाव अभियान चल रहा है। दक्षिण अफ्रीका में 29 मई को और मैक्सिको में 2 जून को मतदान होने जा रहा है। तीन महाद्वीपों एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले तीनों देशों में चुनाव परिणाम एक ही सप्ताह में सामने आयेगे। इन दोनों देशों में अभियान चरम पर है लेकिन कहीं भी विपक्षी दलों ने उनके खिलाफ सत्तारूढ़ शासन द्वारा किसी छापे का आरोप नहीं लगाया है। दक्षिण अफ्रीका में अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष सिरिलरामाफोसा को रूढ़िवादी विपक्ष से बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन वह लोकतंत्र के खेल के नियमों के तहत प्रचार कर रहे हैं। मेक्सिको में भी यही स्थिति है।

वामपंथी राष्ट्रपति ओब्राडोर, जिन्हें एएमएलओ के नाम से जाना जाता है, संविधान के अनुसार नये राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को रास्ता देने के लिए पद छोड़ रहे हैं। एएमएलओ की स्वीकार्यता अपने चरम पर है। गठबंधन मोरेना आराम से जीतने की स्थिति में है। विपक्षी दलों को बड़ी पूंजी का समर्थन प्राप्त है लेकिन उन्होंने कभी भी एएमएलओ सरकार द्वारा किसी भी अलोकतांत्रिक कदम उठाये जाने की शिकायत नहीं की। लोकसभा चुनाव और भारत में लोकतंत्र सूचकांक में गिरावट पश्चिम के साथ-साथ ब्रिक्स सदस्यों के बीच भी चर्चा का विषय है। 7अक्टूबर के युद्ध के बाद नरेंद्र मोदी को शुरू में उनके इजरायल समर्थक रुख के लिए ब्रिक्स सदस्यों से फटकार मिली। अब, उनके अभियान भाषणों और ईडी द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के साथ-साथ चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी की संपत्ति को निचोड़ने को ब्रिक्स देशों के राजनीतिक नेताओं द्वारा तिरस्कार के साथ देखा जा रहा है। भारत को श्लोकतंत्र की जननी्य कहने वाले प्रधानमंत्री मोदी को एक ऐसे नेता के रूप में देखा जा रहा है जो विपक्ष के लोकतांत्रिक अधिकारों पर अंकुश लगा रहा है।

---


## नजरिया

# मानवता के कल्याण के लिए समर्पित था महावीर स्वामी का विचार

**ऋचा सिंह**

हमारे देश में अनेक ऐसे संत ज्ञानी महापुरुष हुए हैं जिन्होंने न केवल भारत वरन पूरे विश्व में अपने ज्ञान का प्रकाश फैलाया है महावीर स्वामी उनमें से एक थे। जैन अनुश्रुतियों और परंपराओं के अनुसार जैन धर्म की उत्पत्ति और विकास में 24 तीर्थंकर सम्मिलित हैं इनमें से 22 तीर्थंकरों की ऐतिहासिकता स्पष्ट और प्रमाण रहित है। अंतिम दो तीर्थंकर पार्श्वनाथ (23वें) एवं महावीर स्वामी (24 वें) एवं अन्तिम तीर्थंकर की ऐतिहासिकता को जैन धर्म के ग्रंथों में प्रमाणित किया गया है।

महावीर स्वामी जैन धर्म के 24 वें और अन्तिम तीर्थंकर थे । जैन धर्म की स्थापना का श्रेय इन्हें ही दिया जाता है क्योंकि इस धर्म के सुधार तथा व्यापक प्रचार प्रसार इनके समय में ही हुआ था । महावीर स्वामी का जन्म करीब ढाई हजार वर्ष पहले ईशा से 540 वर्ष पूर्व वैशाली गणराज्य के कुंड ग्राम में ज्ञागृत वंशी क्षत्रिय परिवार में हुआ था। इनके पिता सिद्धार्थ कुंड ग्राम की क्षत्रिय कुल के प्रधान तथा माता त्रिशला लक्ष्मी नरेश चेटक की बहन थी । इनका जन्म तीसरी संतान एवं वर्द्धमान के रूप में चैत्र शुक्ल तेरस को हुआ । वर्द्धमान को वीर ,अतिवीर और समंती भी कहा जाता था । वर्द्धमान को लोग श्रेयांश और यशस्वी भी कहते थे । इनके बड़े भाई का नाम नंदीवर्धन एवं बहन का नाम सुदर्शना था । वर्द्धमान का बचपन राजमहल में राजसी सुखसुविधा में बीता वो बड़े निर्भीक और साहसी थे । जब यह आठ वर्ष के हुए तो उन्हे पढ़ने , शिक्षा लेने , शस्त्र शिक्षा लेने के लिए शिल्प शाला में भेजा गया । वर्द्धमान का विवाह यशोदा नामक राजकान्या से हुआ इनकी अंवद्धा नाम की बेटी भी थी , कालांतर में जिसका विवाह जमालि से हुआ जो इनके शिष्य भी थे । 30 वर्ष की आयु में वर्द्धमान ने संसार से विरक्त होकर राज वैभव त्याग दिया और सन्यास धारण कर आत्म ज्ञान और कल्याण के पथ पर निकल गए । वर्षों की कठिन तपस्या के बाद उन्हें कैवल्य (ज्ञान) प्राप्त हुआ इसी कारण इन्हें केवलिन भी कहा जाता है । जिसके पश्चात उन्होंने संवत शरण में ज्ञान प्रसारित किया । अपनी सभी इंद्रियों पर विजय पाने के कारण वे ÷जिन ÷अर्थात विजेता कहलाए और इसी कारण उनके अनुयाई जैन कहलाते हैं । अपना साधना में अडिग रहने तथा पराक्रम दिखाने के कारण इन्हें महावीर नाम से संबोधित कर महावीर स्वामी बना दिया गया। 72 वर्ष की आयु में इन्हें पावापुरी में मोक्ष की प्राप्ति हुई । इस दौरान महावीर स्वामी के कई अनुयाई बने जिसमें उस समय के प्रमुख राजा बिंबिसार कुदिक और चेतन भी शामिल थे । जैन धर्म को मानने वाले प्रमुख राजा थे उदायिन ,चंद्रगुप्त मौर्य ,कलिंग का शासक खारवेल ,राष्ट्रकूट शासक अमोघ वर्ष, चंदेल शासक इत्यादि। महावीर स्वामी के उपदेशों उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों , विधानों का जनमानस पर बड़ा व्यापक प्रभाव पड़ा उनके समय में उत्तरी भारत में तो इस धर्म के प्रचार प्रसार हेतु कई केदो की भी स्थापना की गई सामान्य जनों के अतिरिक्त बिंबिसार तथा उनके पुत्र अजातशत्रु जैसे राजा भी महावीर स्वामी के उपदेशों से प्रभावित हुए। जैन समाज द्वारा महावीर स्वामी के जन्मदिवस को महावीर जयंती तथा उनके मोक्ष दिवस को दीपावली के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है।



जैन ग्रंथों के अनुसार समय-समय पर जैन धर्म के प्रवर्तन के लिए तीर्थंकरों का जन्म होता है । जो सभी जीवो को वास्तविक आत्मिक सुख व शांति प्राप्ती का उपाय बताते हैं। तीर्थंकरों की संख्या 24 ही कही गई है जिसमे महावीर वर्तमान पीढ़ी के 24 वें और अंतिम तीर्थंकर थे । हिंसा, पशु ,बलि जात-पात का भेदभाव जिस युग में बढ़ गया उसी युग में महावीर स्वामी का जन्म हुआ। उन्होंने दुनिया को सत्य ,अहिंसा का पाठ पढ़ाया। तीर्थंकर महावीर स्वामी ने अहिंसा को सबसे उच्चतम नैतिक गुण बताया। उन्होंने दुनिया को जैन धर्म के पंचशील सिद्धांत बताएं जो अहिंसा, सत्य ,अपरिग्रह , असतेय और ब्रह्मचर्य हैं। उन्होंने अनेकांतवाद, स्यादवाद और अपरिग्रह जैसे अद्भुत सिद्धांत दिए । महावीर के सर्वोदय तीर्थ में जाति की सीमाएं नहीं थी। महावीर स्वामी का आत्म धर्म जगत की प्रत्येक आत्मा के लिए समान था । दुनिया की सभी आत्मा एक सी है इसलिए हम दूसरों के प्रति वही विचार एवं व्यवहार रखें जो हमें स्वयं को पसंद हो यही महावीर स्वामी का जियो और जीने दो का सिद्धांत था। जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर महावीर स्वामी अहिंसा के प्रतिमान ,प्रतीक थे। उनका जीवन त्याग और तपस्या से ओतप्रोत था । उन्हें एक लंगोटी तक का परिग्रह नहीं था। उन्हें हिंसा ,पशु बलि ,जाती ,पद के भेदभाव से घृणा थी। महावीर स्वामी के माता-पिता जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ जो महावीर से 250 वर्ष पूर्व हुए थे उनके अनुयाई थे ।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सीमा सिंह द्वारा प्वांइट ऑफसेट, 86/98 कुर्मी टोला गुरुगोविन्द्र सिंह मार्ग, लालकुआं, लखनऊ-226018 से मुद्रित एवं पहाड़पुर, पोस्ट बंथरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक-पंकज सिंह मो-9415067370 आरएनआई - UPHIN/2016/74800 मेल आईडी-karnvaninews@gmail.com website : karnvaninews.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।)

## संक्षिप्त खबरें

### रियल एस्टेट व्यापारी से एक करोड़ की धोखाधड़ी

**लखनऊ।** वजीरगंज कोतवाली में रियल एस्टेट व्यापारी ने एक करोड़ रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी ने बीकेटी में जमीन दिलाने का दावा कर रुपये लिए थे। गोमतीनगर विस्तार राप्ती अपार्टमेंट निवासी व्यापारी गौरव त्रिवेदी के मुताबिक प्लाटिंग के लिए जमीन खरीदने के संबंध में मड़ियांव फैजुल्लागंज निवासी रविंदर प्रजापति से मुलाकात हुई थी। आरोपी ने बीकेटी में कुछ जमीनें दिखाई। जिनका सौदा कराने का दावा करते हुए टुकड़ों में करीब एक करोड़ रुपये लिए। गौरव के मुताबिक व्यापार बढ़ाने के लिए पीलीभीत निवासी ससुर संजीव से रुपये उधार लेकर रविंदर के खाते में जमा किए थे। इसके बाद भी उन्हें जमीन नहीं दी गई। पूछताछ करने पर रविंदर टालमटोल करता रहा। कुछ दिन पूर्व स्वास्थ्य भवन चौराहे के पास मुलाकात होने पर गौरव ने रुपये लौटाने के लिए कहा था। इस दौरान रविंदर के साथ करीब पांच लोग और थे। जिनके साथ मिल कर आरोपी ने गौरव पर हमला कर दिया। इंस्पेक्टर वजीरगंज दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### घर में घुस कर दबंगों ने किया हमला, तीन घायल

**लखनऊ।** आशियाना में दबंगों ने ई-रिक्शा ड्राइवर और उसके दो बेटों पर हमला कर दिया। मारपीट में पिता-पुत्र को सिर फटने पर इलाज के लिए केजीएमयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। वहीं, आरोपियों के खिलाफ ड्राइवर की पत्नी ने मुकदमा दर्ज कराया है। रिक्शा कॉलोनी निवासी किरन कनौजिया के मुताबिक मोहल्ले में प्रिंस उर्फ खलनायक परिवार के साथ रहता है। कुछ दिन पूर्व किरन के घर से आरोपी सीढ़ी मांग कर ले गया था। कई बार कहने के बाद भी प्रिंस ने सीढ़ी नहीं लौटाई थी। 17 अप्रैल की रात किरन के पति राजाराम ने प्रिंस को टोका था। जिससे नाराज होकर आरोपी ने भतीजे भुट्टा, उसकी पत्नी प्रीती और मुकेश के साथ मिल कर हमला कर दिया। मारपीट में राजाराम, बेटे दीपक और पड़ोसी रियाज बाबू के सिर फट गए। किरन के हाथ भी फ्रैक्चर हो गया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी प्रिंस और उसके परिवार वाले भाग निकले। इलाज के बाद किरन ने आशियाना कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने फांसी लगाई

**काकोरी।** काकोरी के बेहटा में गुरुवार रात बीमारी से परेशान राजा उर्फ नन्हके (60) ने बाग में फांसी लगा ली। बेहटा निवासी शबनम के मुताबिक पिता राजा लकवा की बीमारी से परेशान थे। गुरुवार देर रात तक वह घर वापस नहीं आए। आसपास तलाश की तो पिता का शव गांव के बाहर आम की बाग में लटकता मिला। परिवार में पत्नी गीता, बेटी शबनम और दो बेटे हैं। इंस्पेक्टर काकोरी के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वाहनों के ब्रेक जांच सिस्टम फेल दो दिन बंद रहेगा फिटनेस सेंटर

**काकोरी।** ट्रांसपोर्टनगर स्थित आरटीओ के फिटनेस सेंटर पर मशीनों से वाहनों की फिटनेस का काम ठप हो गया। शुक्रवार दोपहर में अचानक ब्रेक जांच सिस्टम फेल होने से वाहनों के रफ्तार की जांच नहीं हो सकी। ब्रेक चेक सिस्टम में खराबी आने के बाद सेंटर मैनेजर की तरफ से दो से तीन दिनों तक तकनीकी समस्या के चलते फिटनेस बंद रहने की सूचना वाहन मालिकों को दी। आरटीओ उदयवीर सिंह ने बताया कि ट्रैक खराब होने की जानकारी मिली है। चिट्ठी लिखकर मुख्यालय सूचित किया है। संबंधित कंपनी को भी जल्द समस्या दूर करने को कहा गया है। जानकारी के मुताबिक ब्रेक चेक सिस्टम जर्जर होने के चलते यहां वाहनों की फिटनेस का काम रोक दिया गया है। इस दौरान स्कूली वाहनों में स्पीड गवर्नर लगे होने के बावजूद ओवरस्पीड में स्कूली वाहन दौड़ने की जांच शुरू हो गई। जहां स्कूली वाहनों की स्पीड लिमिट शहीद पथ पर दौड़ाकर चेक की गई। आरआई ने कहा कि स्कूली वाहनों की अधिकतम स्पीड 40 किमी. प्रति घंटे रही।

### बस की टक्कर से बाइक सवार मैकेनिक की मौत

**काकोरी।** चिनहट तिराहे के पास गुरुवार रात तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार मैकेनिक संदीप शर्मा (26) को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। उधर, हादसे के बाद बस चालक गाड़ी लेकर भाग निकला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चिनहट के काशीराम कॉलोनी निवासी संदीप शर्मा एचएएल के पास बाइक रिपेयरिंग की दुकान चलाता था। भाई रंजीत ने बताया कि संदीप गुरुवार रात 10 बजे दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहा था। वह चिनहट तिराहे के पास पहुंचा तभी पीछे से आई तेज रफ्तार बस ने बाइक में टक्कर मार दी। अचानक हुई टक्कर से संदीप उछलकर दूर जा गिरा। राहगीरों को जुटता देख आरोपित बस चालक भाग निकला। पुलिस ने गंभीर हालत में संदीप को लोहिया अस्पताल भेजवाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार में पिता सूरज शर्मा व मां सावित्री देवी हैं।

### आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख

**निगोहां।** उतरावा के कुर्मिनखेडा गांव में शुक्रवार को किसान रामकुमार वर्मा के फॉर्म में आग लग गयी। जिसमें करीब तीन बीघे गेहूं की फसल और कुछ पेड़ जल गये। आग की लपटें देख आसपास के किसान और ग्रामीणों ने बोरवेल से आग बुझाने का प्रयास किया। फायर बिग्रेड को भी सूचना दी। फायर बिग्रेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। आशंका है कि, खेतों के ऊपर से गुजरी हुई हाइटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से यह घटना हुई है। इस हादसे में किसान की करीब ढाई से तीन बीघे फसल के साथ करीब कई आम व नीबू आदि के पेड़ भी जल गए। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने बताया कि नुकसान की आंकलन कर रिपोर्ट भेज जाएगी।

### दावा यूपी में 24 घंटे बिजली देने की और वेबसाइट से दैनिक रिपोर्ट हटा दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन प्रबंधन यह दावा कर रहा है कि इस महीने लगातार सभी क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। यूपी एसएलडीसी की वेबसाइट पर भी यह आंकड़ा दिखाया जा रहा है। इसके बावजूद यूपी एसएलडीसी की वेबसाइट से ऊर्जा प्रणाली की दैनिक रिपोर्ट को अपलोड करना बंद कर दिया गया है। दैनिक रिपोर्ट नहीं डाले जाने पर विद्युत उपभोक्ता परिषद ने शासन और प्रबंधन से बात करते हुए रिपोर्ट को वेबसाइट से हटाने वाले को दंडित करने की मांग की है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने शुक्रवार को अपर मुख्य सचिव ऊर्जा, पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक से इस मुद्दे पर बात की। उन्होंने कहा कि यूपी एसएलडीसी की वेबसाइट से ऊर्जा प्रणाली की दैनिक रिपोर्ट हटाया जाना जांच का विषय है। उपभोक्ता रिपोर्ट देख व जान सके यह उसका अधिकार है। उन्होंने कहा कि सात अप्रैल को ऊर्जा मंत्री सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यह पोस्ट कर चुके हैं कि उत्तर प्रदेश का सपना हुआ पूरा सभी गांवों व शहरों को मिलने लगी 24 घंट बिजली। 50 साल पुरानी रिपोर्ट को हटाया जाना गंभीर मसला है।

### पत्नी के अवैध संबंध से परेशान पति ने लगाई फांसी

**काकोरी।** काकोरी में गुरुवार रात पत्नी के पड़ोसी के साथ अवैध संबंध से परेशान पति ने फांसी लगा ली। यह आरोप लगाते हुए पिता ने काकोरी थाने में बहू और उसके प्रेमी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया है।काकोरी के बेहटा निवासी किसान के मुताबिक तीन वर्ष पहले बेटे की शादी हुई थी। बेटा प्लाईवुड फैक्ट्री में मजदूरी करता था। बेटे की पत्नी का पड़ोस में रहने वाले अमन से अवैध संबंध थे। जिसको लेकर बेटे ने कई बार उसे समझाया था पर वह मानने को तैयार नहीं थी। जिसको लेकर दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था। गुरुवार शाम को वह परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने गए थे। घर पर बेटा और बहू थे। देर रात वह लौटे तो बेटे का शव कमरे में पंखे के कुंडे से साड़ी के फंदे के सहारे लटका हुआ था। कुछ देर बाद बहू भी बिना कुछ बताए कहीं चली गई। परिवार में एक वर्ष की एक बेटी है। इंस्पेक्टर काकोरी नवाब अहमद के मुताबिक पीड़ित परिवार की तहरीर पर की पत्नी व अमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश की जा रही है।

# चौधरी चरण सिंह के सपनों को साकार कर रही मोदी सरकार

संवाददाता

**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अन्नदाता किसानों का सम्मान और उत्थान करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी के सपनों को साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अन्नदाताओं के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की, जिसका परिणाम हम सबके सामने है। चाहे पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए अन्नदाताओं का सम्मान हो, या भारत को दुनिया में सम्मान दिलाने का कार्य, सीमाओं की सुरक्षा हो, देश में आतंकवाद और नक्सलवाद की समस्या का समाधान हो, वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर, 12 लेन का एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल, मेट्रो, आईआईटी, आईआईएम सहित तमाम योजनाएं नये भारत की पहचान बन रही हैं। सीएम योगी शुक्रवार को मोदीनगर में बागपत लोकसभा सीट के लिए एनडीए



प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभा की।

**लोगों में उतावलापन दिख रहा:** उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए मतदान चल रहा है। वोटिंग की स्पीड बताती है कि देश में फिर एक बार मोदी सरकार लाने के लिए लोगों में उतावलापन दिख रहा है। ऐसा होना लाजमी है क्योंकि जो हमारे पूर्वजों को सम्मान दें उनका सम्मान होना ही चाहिए। पहली बार चौधरी साहब को मोदी जी ने भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देकर हमारे यूपी का गौरव बढ़ाया है।

**गिनाईं उपलब्धियां:** मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत 80 करोड़ लोगों को 4 साल से फ्री में राशन दे रहा है, वहीं भारत से अलग हुए पाकिस्तान में 23 करोड़ लोग भूखों मर रहे हैं। जब हम अच्छा नेता चुनते हैं तो परिणाम भी अच्छा आता है। आज 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जा चुका है, 50 करोड़ जनता का जनधन अकाउंट खुल चुका है, 12 करोड़ अन्नदाताओं को किसान सम्मान निधि और 12 करोड़ घरों में शौचालय के साथ ही 10 करोड़ माताओं को उज्ज्वला योजना से लाभान्वित किया जा चुका है।

**श्रीराम के सूर्य तिलक ने पूरे देश को गौरवान्वित किया:** मुख्यमंत्री ने रामनवमी के अवसर पर भगवान श्रीराम के सूर्य तिलक को लेकर कहा कि इसने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। वहीं उन्होंने सपा, बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन पार्टियों ने पश्चिमी यूपी में सुरक्षा के लिए खतरा खड़ा कर दिया था। न बेटी सुरक्षित थी, न व्यापारी, किसान के खेत से उसके ट्यूबवेल ही उखाड़ लिये जाते थे। हमारी सरकार ने 15 लाख निजी नलकूपों को फ्री बिजली देने का प्रावधान किया है।

# किसान आंदोलन के चलते कई रूट बदले, छूटी ट्रेनें

संवाददाता

**लखनऊ।** अंबाला कैंट से साहनेवाल रेलखंड के शम्भू स्टेशन पर किसान आंदोलन के चलते दर्जनों ट्रेनों का संचालन पटरी से उतर गया है। आलम ये है कि अधिकांश ट्रेनें बदले मार्ग से चलाने पर यात्रियों को जहां लंबी यात्रा करनी पड़ रही है, वहीं तय स्टेशन पर ट्रेनें नहीं पहुंचने पर छूटने की शिकायत रेल मदद ऐप पर दर्ज हो रही हैं। शुक्रवार को आम्रपाली एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें बदले मार्ग से चलाई गईं, जो आगे भी बदले रूट से संचालित होंगी। सरयू-यमुना और अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस को बीच रास्ते रोककर चलाया जा रहा है। इस संबंध में उत्तर रेलवे के सीपीआरओ की ओर से यात्रियों को रेलवे के पूछताछ नंबर 139 पर ट्रेनों की स्थिति पता कर सफर आसान बनाने की सलाह दी है।

**यात्रीगण ध्यान दें...ये ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी:** अमृतसर से ट्रेन नंबर-15708 अमृतसर-कटिहार आम्रपाली एक्सप्रेस बदले मार्ग लुधियाना-गिल्ल-धूरी-जाखल-दिल्ली के रास्ते चलेंगी। ट्रेन नंबर 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस बदले मार्ग सरहिंद-बस्सी पठानां-नंगल डैम-चंडीगढ़-अंबाला कैंट के रास्ते, जयनगर से ट्रेन नंबर 14649 जयनगर-अमृतसर सरयू-यमुना एक्सप्रेस अंबाला कैंट-चंडीगढ़-साहनेवाल के रास्ते, अमृतसर से ट्रेन नंबर 04654 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी बदले मार्ग लुधियाना-गिल्ल-धूरी-जाखल-दिल्ली-मुरादाबाद के रास्ते, श्री माता वैष्णो देवी कटरा से ट्रेन नंबर 15656 श्री माता वैष्णो कटरा-कामाख्या बदले मार्ग साहनेवाल-चंडीगढ़-अंबाला कैंट के रास्ते, अमृतसर से ट्रेन नंबर 04652 अमृतसर-जयनगर बदले मार्ग लुधियाना-गिल्ल-धूरी-जाखल-दिल्ली के रास्ते, अमृतसर से ट्रेन नंबर 14604 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस बदले मार्ग चंडीगढ़-अंबाला कैंट के रास्ते, अमृतसर से ट्रेन नंबर 14650 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस बदले मार्ग साहनेवाल-चंडीगढ़-अंबाला कैंट के रास्ते चलाई जा रही है।

## फन मॉल के बाहर युवक को पीटा, लूट ली चेन

**लखनऊ।** फन मॉल के पास रास्ते में खड़ी गाड़ी हटाने के लिए कहने पर कार ड्राइवर ने युवक की पिटाई करते हुए चेन लूट ली। यह आरोप लगाते हुए पीड़ित ने गोमतीनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। गोमतीनगर विश्वासखंड निवासी सौरभ शंकर श्रीवास्तव गुरुवार दोपहर पेपर मिल कॉलोनी से फन माल की तरफ जा रहे थे। एल्डिको ग्रीन के पास पहुंचने पर इनोवा कार रास्ते में खड़ी। पास में ही दो लोग बात कर रहे थे। सौरभ ने हार्न बजा कर गाड़ी साइड करने के लिए कहा था। इस बात पर इनोवा ड्राइवर ने मारपीट शुरू कर दी। सौरभ को पीटने के बाद आरोपी चेन लूट कर भाग गया। वहीं, इनोवा ड्राइवर से बात कर रहे अवधेश यादव को दबोच लिया। जिसके जरिए आरोपी की पहचान सीतापुर सिधौनी निवासी राम के तौर पर हुई। सौरभ के मुताबिक राम टैक्सी चलाता है। इंस्पेक्टर दीपक पाण्डेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# गांधी वार्ड के कैश काउंटर पर तीमारदारों से अभद्रता

संवाददाता

**लखनऊ।** केजीएमयू के गांधी वार्ड के कैश काउंटर पर तैनात कर्मचारी नशे में धुत मिला। वह तीमारदारों का शुल्क भी जमा नहीं कर रहा था। कुछ कर्मचारियों ने आपत्ति जताई तो वह उनसे भी अभद्रता कर गाली गलौज करने लगा। मामले का संज्ञान लेकर केजीएमयू प्रशासन ने कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

केजीएमयू के गांधी वार्ड में कार्यदायी संस्था के जरिए मोनू नाम का कर्मचारी कैश काउंटर पर तैनात था। काउंटर पर सुबह 10 बजे कर्मचारी मरीजों और तीमारदारों की जांच के लिए शुल्क नहीं जमा कर रहा था। कुछ तीमारदारों ने शुल्क न जमा करने पर नाराजगी जताई। तीमारदारों ने आरोप लगाया कि नशे में धुत कर्मचारी ने अभद्रता कर गालियां दीं। इससे नाराज लोगों ने पीआरओ कार्यालय के मुख्य पटल पर शिकायत की। इस पर पीआरओ कार्यालय स्टाफ तीमारदारों के साथ गांधी वार्ड के कैश काउंटर पर पहुंचा। आरोप है कि मोनू ने पीआरओ सेल के स्टाफ से अभद्रता की। फिर मोनू को हटाकर पीआरओ कार्यालय ले जाया गया। इस बीच आईटी सेल से दूसरे कर्मचारी को बुलाकर शुल्क जमा करवाने का काम शुरू किया गया।

पीआरओ सेल पहुंचे मोनू ने वहां भी गार्डों और कर्मचारियों से अभद्रता कर खूब हंगामा किया। केजीएमयू चिकित्सा अधीक्षक ने कर्मचारी को ड्यूटी से हटाने और सख्त कार्रवाई के लिए आईटी सेल सचिव को पत्र लिखा है। फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं हुई है। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह का कहना है कि मामला 11 अप्रैल की सुबह 10 बजे का है। कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी।

# सुल्तानपुर हाइवे पर ट्रक में घुसा पिकअप, ड्राइवर की मौत,छह घायल

संवाददाता

**गोसाईगंज।** सुल्तानपुर हाइवे पर गुरुवार रात गंगागंज स्थित सैनिक ढाबे के पास कट से मुड़ रहे ट्रक में पिकअप टकरा गई। टक्कर से पिकअप के परखचे उड़ गए। हादसे में पिकअप ड्राइवर की मौत हो गई। पिकअप में सवार छह लोग घायल हो गए। पिकअप ड्राइवर चचेरी बहन की शादी से लौट रहा था। भीषण दुर्घटना के बाद भाग रहे ट्रक ड्राइवर को पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर करीब तीन किमी पीछा कर दबोच लिया। गंगागंज के काजीखेड़ा निवासी गंगादीन (22) गुरुवार रात चचेरे चाचा की बेटी की शादी में शामिल होने रसूलपर गया था। देर रात वह काजीखेड़ा के ही निवासी रिश्तेदार आजाद, शशि कुमार, रवि व शेखनाघाट के राधे और नीरज के साथ पिकअप से घर लौट रहा था। रात दो बजे वह गोसाईंगंज स्थित सैनिक ढाबे के पास पहुंचा ही था तभी आगे चल रहा ट्रक ड्राइवर हाइवे पर बने कट पर गाड़ी मोड़कर दूसरी पटरी पर जाने लगा। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ट्रक में घुस गई। हादसा देख अफरा-तफरी मच गई। ट्रक का अगला हिस्सा अंदर की ओर घुस गया। पिकअप सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने घायलों को सीएचसी भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने गंगादीन को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों का प्राथमिक उपचार कर ट्रामा सेंटर भेज दिया। जहां सभी का इलाज चल रहा है।

**पुलिस ने तीन किमी दौड़ाकर पकड़ा**

हादसे की सूचना मिलते ही गोसाईंगंज पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। इस बीच ट्रक ड्राइवर गाड़ी लेकर उल्टी दिशा में सुल्तानपुर की तरफ भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने तीन किमी पीछा कर ट्रक चालक को पकड़ लिया। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार तिवारी के मुताबिक ट्रक ड्राइवर को पकड़ कर पूछताछ की जा रही है। अभी तक पीड़ित परिवार की तरफ से काई तहरीर नहीं मिली है।

## आज जर्जर पोल-तार बदलने को कटेगी बिजली

**लखनऊ।** आरडीएसएस योजना के अंतर्गत जर्जर तार-पोल बदलकर एबीसी केबल-नया पोल लगाने के लिए 20 अप्रैल की सुबह 9 से शाम 4 बजे तक कई क्षेत्रों में बिजली बाधित रहेगी। इनमें 33 केवी उपकेंद्र इंजीनिनियरिंग कॉलेज जानकीपुरम में सेक्टर एस, सुंदरम पार्क के आस सेक्टर एफ, गौशाला, सुंदरम पार्क जानकीपुरम, शिव विहार एम सेक्टर आई, सब स्टेशन सेक्टर आई जानकीपुरम में रामपुर निसफ, एलीशा नगर तिराहा, जानकीपुरम विस्तार उपकेंद्र में सुल्तानपुर में बिजली बाधित रहेगी।

# बलरामपुर अस्पताल की पैथलैब में निकला सांप

संवाददाता

**लखनऊ।** बलरामपुर अस्पताल की पैथालॉजी लैब में शुक्रवार सुबह करीब चार फुट लंबा सांप निकल आया। उसे देखकर पैथालॉजी कर्मियों में भगदड़ मच गई। इस बीच हिम्मत दिखाकर एक कर्मचारी ने सांप को पकड़कर बोरी में डालकर दूर फेंका गया। बलरामपुर की बड़ी पैथालॉजी में शुक्रवार को एलटी प्रियंका, सनी और कंप्यूटर ऑपरेटर राकेश ड्यूटी पर थे। नाइट ड्यूटी कर रहे इन कर्मचारियों की सुबह आठ बजे से पहले ही शिफ्ट बदलनी थी। उसी दौरान पैथालॉजी में रखी लकड़ी की अलमारी के नीचे करीब चार फुट का सांप निकल आया। राकेश बाहर इमरजेंसी के मरीजों की जांच के नमूने और रिपोर्ट देने में लगा था। दोनों एलटी अंदर खून के नमूने लगा रहे थे। उसी दौरान एक कर्मचारी ने फर्श पर सांप रेंगता देखा और शोर मचा दिया। सभी



कर्मचारी तुरंत सांप देखकर पैथालॉजी से बाहर निकल आए। फिर किसी तरह हिम्मत कर एक कर्मचारी ने सांप पकड़ा और बोरी में भरकर दूर फिंकवा दिया गया।

## झगड़ा सुलझा रही छात्रा का पड़ोसी ने सिर फोड़ा

**लखनऊ।** आशियाना में पड़ोस में रह दंपति के बीच हो रहे झगड़े का बीच-बचाव करना छात्रा को महंगा पड़ गया। झगड़ा करने से मना करने पर बौखलाएं दंपति ने छत से ईंट मारकर उसका सिर फोड़ दिया। पीड़िता की तहरीर पर आशियाना पुलि आरोपित दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आशियाना के औरंगाबाद में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा वर्षा परिवार के साथ रहती है। वर्षा के मुताबिक, बीते बुधवार शाम को वह घर के बाहर बैठकर पढ़ाई कर रही थी। इस बीच पड़ोसी सत्यनारायण व उसकी पत्नी गुड़िया आपस में झगड़ा करने लगे। झगड़ा होते देख उसने दोनों को शांत होने को कहा। इसपर दंपति उग्र हो गए। गालियां देते हुए छत से उसके ऊपर ईंट फेंक कर मार दी। सिर पर ईंट लगने से वह बेसुध हो गई। परिवार वाले उसे लोकबंधु अस्पताल ले गए। उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

# ऑटो-टेंपो बन रहे जाम की वजह

संवाददाता

**लखनऊ।** कैसरबाग में ट्रैफिक जाम की कई वजहें धीरे-धीरे उजागर हो रही हैं। इनमें एक वजह प्रतिबंधित ऑटो-टेंपो का फर्राटा भरना भी हैं। ये अवैध ऑटो-टेंपो बस अड्डे के इर्दगिर्द सवारियों के इंतजार में मंडराते रहते हैं और सड़क पर ही सवारियां बिठाते और उतारते हैं। इनके चलते पीछे से आने वाला ट्रैफिक ठहर जाता है। इनके चलते सुबह से शाम और रात तक जाम में आम वाहन सवार रेंगते हैं। ऐसे वाहनों के खिलाफ जिम्मेदार विभाग कार्रवाई के नाम पर अपनी आंखें बंद किए हैं। ये आरोप कैसरबाग बस अड्डे के एआरएम प्रबंधक ने रोडवेज बसों से लगने वाले जाम की रिपोर्ट में लगाया है।

23 जून 2023 को संयुक्त पुलिस आयुक्त ने शासन को चिट्ठी भेज बताया था कि शहर में चार बस अड्डों से बसों के आवागमन से जाम की स्थिति बन रही हैं। ऐसे में बस अड्डे को अस्थाई रूप से शहर के बाहर भेजा जाए या बसों के आवागमन पर रोक लगाई जाए। मगर 10 माह बाद भी परिवहन निगम प्रशासन कार्रवाई के नाम पर आश्वासन देता रहा। इस बीच बस अड्डा शिफ्ट करने और बसों की संख्या घटने के बजाय नई बसें सड़क पर उतारती रही। कैसरबाग में मौके पर देखा गया कि गैर जिलों के प्रतिबंधित टेंपो चल रहे हैं, जिनका कोड नाम तोता रखा गया है। यह पीले-काले रंग को हरा कराकर संचालित किए जा रहे हैं। इनमें यूपी 34, 41, 33, 35 सीरीज के प्रतिबंधित टेंपो की संख्या सर्वाधिक है। इन टेंपो चालकों की मनमानी और जिम्मेदारों की लचर कार्यप्रणाली से रोज इनकी संख्या बढ़ती जा रही है।



ड्यूटी के दौरान प्रतिबंधित टेंपो पर लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। कुछ नंबर भी सामने आए हैं, जो कैसरबाग रूट पर संचालित हो रहे हैं। ऐसे टेंपो को पकड़कर बंद करने की तैयारी है।

– प्रमेश पाठक
टीएसआई, मड़ियांव

## इसराइल भेजे श्रमिकों की सुरक्षित वापसी हो

**लखनऊ।** इजराइल और ईरान के बीच युद्ध की स्थितियां पैदा होने के कारण इजराइल में फंसे भारतीय मजदूरों की सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को एक्टू ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ट्रेड यूनियन एक्टू ने इजराइल भेजे गए निर्माण मजदूरों को सुरक्षित वापस लाये जाने की मांग की है। एक्टू के जिला मंत्री कुमार मधुसूदन मगन ने बताया कि भारत सरकार द्वारा युद्ध ग्रस्त इजराइल में निर्माण कार्य के लिए मजदूरों को भेजा गया है। ईरान से युद्ध के कारण इनका जीवन खतरे में पड़ गया है। विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी कर जार्डन, ईराक, ईरान, इजराइल, सीरिया आदि देशों की यात्रा करने से भारतीयों को मना किया है। लेकिन यहां से भेजे गए निर्माण मजदूरों की सुरक्षा और उनकी सुरक्षित घर वापसी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

# गौतमबुद्धनगर व महाराजगंज में अवैध शराब व नकदी बरामद

संवाददाता

**लखनऊ।** गौतमबुद्धनगर जिले के जेवर विधानसभा क्षेत्र में 150 करोड़ रुपये अनुमानित कीमत की 61670 ग्राम ड्रग तथा इसी जिले के दादरी विधानसभा क्षेत्र में 19.30 लाख रुपये नकद एवं 6.16 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 2347.24 लीटर शराब जब्त की गई। इसी प्रकार महाराजगंज विधानसभा क्षेत्र में 40 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 200 ग्राम ड्रग पकड़ी गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा एक मार्च से 18 अप्रैल, 2024 तक कुल 31250.54 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किए गए। इसमें 2923.61 लाख रुपये नकद धनराशि, 4014.89 लाख रुपये कीमत की शराब, 20996.69 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2156.05 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1159.30 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई।

आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 18 अप्रैल, 2024 को कुल 15198.48 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 58.79 लाख रुपये नकद धनराशि, 84.91 लाख रुपये कीमत की 30279.76 लीटर शराब एवं 15054.74 लाख रुपये कीमत की 88235.19 ग्राम ड्रग व 0.05 लाख रुपये कीमत की 450 अन्य सामग्री जब्त की गई।

# आचार संहिता उल्लंघन में 79 एफआईआर

संवाददाता

**लखऊ।** आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 73 एफआईआर दर्ज, 6 एनसीआर सहित कुल 79 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,07,05,176 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 64,90,712 तथा निजी स्थानों से 42,14,464 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 7,01,341, पोस्टर के 30,31,470, बैनर के 18,38,823 एवं अन्य 9,19,078 मामलों में कार्रवाई की गई।

## निर्वाचन ड्यूटी पर जाने वाले होमगार्ड्स स्वयं सेवकों को किया जाएगा अग्रिम भुगतान

**लखनऊ।** लोकसभा चुनावों की तैयारियों के साथ ही उत्तर प्रदेश शासन मतदान से जुड़े कर्मियों का भी पूरा ध्यान रख रहा है। शासन की ओर से लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 ड्यूटी करने वाले होमगार्ड्स स्वयंसेवकों (वॉलंटियर्स) के ड्यूटी भत्ते के अग्रिम भुगतान की स्वीकृति दे दी गई है। इसके तहत निर्वाचन ड्यूटी में तैनात किए जाने वाले होमगार्ड्स को ड्यूटी भत्ते के मद में प्राविधानित धनराशि का 40 प्रतिशत अग्रिम के रूप में भुगतान किया जाएगा। पूरे प्रदेश में इस व्यवस्था को लागू किए जाने से निर्वाचन ड्यूटी में जाने वाले होमगार्ड्स को काफी राहत मिलेगी। इसके माध्यम से वह ड्यूटी पर जाने से पूर्व अपने परिजनों की जरूरतों को पूर्ण कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे। हर बार चुनाव में होमगार्ड की भी ड्यूटी लगाई जाती है। इस बार गृह जनपद के साथ-साथ इन्हें दूसरे जनपदों में भी चुनाव ड्यूटी पर भेजे जाने की तैयारी है। होमगार्ड विभाग के मंत्री पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि इस बार लोकसभा आम चुनाव में करीब 50 हजार होमगार्ड्स की विभिन्न चरणों में चुनाव ड्यूटी लगाई जाएगी। ऐसे में होमगार्ड्स विभाग द्वारा होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को अग्रिम भुगतान दिए जाने का प्रस्ताव भेजा गया था। इस क्रम में शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के इनकम एक्सपेंडीचर के तहत प्राविधानित धनराशि 2634 करोड़ 39 लाख रुपये की स्वीकृति पहले ही दी जा चुकी है।

## न्यूज डायरी

### मोपेड से गिरकर महिला की हुई मौत

**छिबरामऊ।** नबीगंज से पति के साथ मोपेड विक्की से गांव लौट रही महिला की साड़ी का पल्लू पहिए में बिंध गया, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। बिधूना थाना क्षेत्र के ग्राम नगला गोसाई निवासी मीना देवी अपने पति चरण सिंह के साथ मोपेड विक्की से नबीगंज निवासी अपनी भांजी खुशबू के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए गई थी। वहां से शुक्रवार की दोपहर मोपेड विक्की से वापस गांव जाते समय सौरिख रोड स्थित ग्राम जाफराबाद के पास अचानक उनकी साड़ी का पल्लू मोपेड बाइक के पहिए में बिंध गया, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक को जहर खिलाने का आरोप

**छिबरामऊ।** ग्राम नगला बौरी निवासी एक युवक को पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही दबंगों द्वारा जहर खिलाए जाने का परिजनों ने आरोप लगाया है। वहीं युवक की हालत गंभीर होने पर सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला बौरी निवासी प्रभा देवी पत्नी श्रीकृष्ण ने बताया कि उनका पुत्र प्रसाद शुक्रवार की शाम 4 बजे घर से किसी कार्य के लिए बाहर निकाला था। तभी गांव के ही निवासी पुरानी रंजिश को मानने वाले दबंगों ने उसे जबरन जहर पिला दिया। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसकी हालत बिगड़ती देख सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया।

### 22 मतदान कर्मियों का वेतन रोकने व एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश

**कन्नौज।** लोकसभा चुनाव के लिए आयोजित प्रशिक्षण में गैर हाजिर रहने वाले 22 मतदान कर्मियों का अप्रैल माह का वेतन रोकने एवं उनके विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने इस संबंध में आज आदेश जारी किए। इस आदेश में 22 पीठासीन व मतदान कर्मी शामिल हैं।

### प्रशासन ने घर घर बांटे मतदाता आमंत्रण पत्र

**कन्नौज।** आज जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने प्रातः 06 बजे शहर के मोहल्ला बाजार कला वार्ड संख्या-15 में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। मतदाता जागरूकता हेतु घर घर जाकर लोगों को जागरूक किया तथा आंमत्रण पत्र वितरण किये। उन्होने राम नारायण चौराहे से भारतीय स्टेट बैंक होते हुए विमल प्रिंटिंग प्रेस वाली गली होते हुए पायनियर मेडिकल होकर वापस प्राइमरी स्कूल बाजार कला तक मतदाताओं को जागरुक व प्रेरित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता जागरूकता संवाद में लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि सबको मताधिकार, एक बड़ा अधिकार है। इस अवसर परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 राम अवतार सिंह ने लोगों को मतदान करने हेतु गीत सुनाकर प्रेरित किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, उपजिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार गौतम, उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर नवनीता राय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क पर गिरा पेड़ से टकराकर लोग हो रहे हैं घायल



**हंडिया प्रयागराज।** फूलपुर थाना क्षेत्र के ज्वालापुर गांव स्थित प्राचीन ऐतिहासिक दाताराम के तालाब पर सड़क पर गिरे शीशम के पेड़ से लोग टकराकर घायल हो रहे हैं। 24 घंटे के बाद भी सड़क से शीशम को नहीं हटाया गया। आपको बताते चलें कि फूलपुर से सैदाबाद मुख्य मार्ग पर स्थित प्राचीन ऐतिहासिक दाताराम का तालाब है। 16 अप्रैल को हल्की आंधी आने से शीशम का एक पेड़ सड़क पर गिर गया। मुख्य मार्ग पर शीशम का पेड़ गिरने से उसमें टकराकर अब तक कई लोग घायल हो चुके हैं। 24 घंटा बीतने के बाद भी सड़क से शीशम को हटाया नहीं गया। जिम्मेदार लोगों की उदासीनता से यह पेड़ किसी की जानलेवा बन सकता है।

### होमगार्ड विभाग चित्रकूट में बाबू के रहमो-करम पर घर बैठे होमगार्ड उठा रहे वेतन

**चित्रकूट।** जानकारी के अनुसार कुछ होमगार्ड जवानों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस समय चित्रकूट होमगार्ड कम्पनी जिला कमांडेंट व चित्रकूट होमगार्ड कार्यालय में पदस्थ एक बाबू के रहमो-करम पर करीब एक दर्जन होमगार्ड घर बैठे वेतन उठा रहे हैं जो होमगार्ड प्रति माह बाबू को एक निश्चित रकम समय से पहुंचा देता है उस होमगार्ड की ड्यूटी मनमुताबिक थाना या जगहों पर लगा दी जाती है या फिर कागजों में ड्यूटी चलती रहती है और सम्बंधित गार्ड अपने घर में आराम फरमाते नजर आते हैं इतना ही नहीं जो होमगार्ड जवान प्रतिमाह एक निश्चित रकम बाबू को पहुंचाता है उस गार्ड की ड्यूटी कई कई माह तक एक ही जगह पर लगा दी जाती है जबकि नियमत.प्रत्येक माह हर गार्ड की अलग अलग जगहों पर ड्यूटी लगनी चाहिए लेकिन सुविधा शुल्क देने वाले गार्ड के लिए बाबू नियम कानून को ताक पर रख देते हैं अगर सही ढंग से जांच कराई जाए तो जिले में करीब दो से तीन दर्जन होमगार्ड बाबू के रहमो-करम पर घर बैठे वेतन ले रहे हैं व सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं जो गार्ड बाबू को खुश नहीं रखता उस गार्ड को हर माह कभी ट्रैफिक कभी फायर ब्रिगेड तो कभी राजापुर कोतवाली पहाड़ी चुनाव ड्यूटी आदि जगहों पर लगा दी जाती है जो गार्ड बाबू को खुश रखता है वह चार पांच माह तक एक ही जगह पर ड्यूटी करता है जिससे होमगार्ड जवानों में रोष व्याप्त है शीघ्र ही बाबू की शिकायत मंत्री होमगार्ड विभाग से करने की बात की।

### जिम्मेदारों के सुस्त सिस्टम के चलते अन्नदाताओं के सपने हो रहे राख

**बाजार शुक्ल अमेठी।** विभाग की लापरवाही से हर साल दर्जनों किसान अपनी फसलों को आग के मुंह में जाते देखते हैं। उसके बाद आग से बर्बाद होने वाले किसानों के हाथों में दो तीन हजार की चेक थमा दिया जाता है। जिससे उनके परिवारों का साल भर गुजारा भी नही हो पाता है। आषाढ़ के समय पानी कम गिरने से फसल बर्बाद हो जाती है। उसके बाद चैत्र का महीना ही उनके जीवन में खुशहाली लाती है लेकिन उनके चेहरों पर बिजली का खौफ साफ दिखाई दे रहा है। विकास खण्ड के दर्जनों गांव वाले इसी बात से परेशान है कि कही हवा तेज चली तो खेतों के ऊपर फसल को छूते हुए बिजली के तार निकले हुए हैं। हवा से तार आपस मे रगड़ने से पकी हुई फसल में आग लगने का अंदेशा देखा जाता है। हाल ही में भिटवा वागमीरा सत्थिन के दर्जनों किसानों की फसल बानगी है जबकि झूलते हुए तारों को लेकर कई वर्षों से क्षेत्र के अन्नदाताओं द्वारा आलाधिकारियों से अवगत कराया जाता है।

## अग्निशमन अधिकारी ने अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता/प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजन

संवाददाता

**अमेठी।** अग्नि सुरक्षा सप्ताह एवं ग्रीष्मकालीन मौसम में होने वाली अग्निदुर्घनाओं को ध्यान में रखते हुए अग्निशामन तथा आपात सेवाएं अमेठी द्वारा गुरुवार को अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान के अन्तर्गत प्रशिक्षण, महानिदेशक उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवाएं लखनऊ के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशानुसार आग से अमेठी को सुरक्षित रखने हेतु आमजनमानस को जागरूक करने का अभियान प्रारम्भ किया गया है। जन-जागरूकता अभियान के अन्तर्गत अनेक स्थानों पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया।आयोजक शिवदरस प्रसाद अग्निशमन अधिकारी अमेठी द्वारा सद्भावना हास्पिटल्स एवं रिसर्च सेन्टर मुसाफिर खान, इण्डोराम हास्पिटल्स जगदीश पुर,कस्बा मुसाफिर खान, मुंशीगंज चौराहा,ग्राम भनोली, ग्राम श्रीपुर ग्राम कसारा एवं ग्राम रामगढ़ के लोगों को एकत्र करके अग्नि रोधक,आग न लगें का अभियान चलाकर डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ, वार्ड ब्वॉय एवं अन्य सुरक्षा कर्मियों ग्रामवासियों को आग बुझाने, आग से बचाव और अग्नि शमन उपकरणों को चलाने का प्रशिक्षण देते हुए आग न लगें इसके विद्युत आडिट करने का निर्देश देते सर्तक रहने के लिए जागरुक करते हुए आग लगने के सम्भावित कारकों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर आग को काबू करने के लिए उपकरणों व उनके प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के फायर एक्सटिंग्यूशरों को चलाने के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए उनके रख-रखाव के सम्बन्ध में डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ,वार्ड ब्वॉय सहित अन्य सुरक्षा कर्मियों को प्रशिक्षण देकर जागरूक किया गया तथा प्रशिक्षुओं को फायर एक्सटिंग्यूशर चलाने, आग बुझाने के अनेक तरीकों सहित गैस रिसाव, गैस सिलेण्डर की आग को सरलता से बुझाने एवं प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण के समय आग से बचाव हेतु ÷क्या ना करें÷ बिंदुओं पर भी चर्चा की गई-

1. बिस्तर में लेट कर धूम्रपान न कीजिए।
2. हुक्का पीने के पश्चात चिलम की आग को जलता मत छोड़िए।
3. खलिहान में बीड़ी, सिगरेट व हुक्का मत पीजिए।
4. बीड़ी सिगरेट के टुकड़े को सुलगती हालत में मत फेंकिये।
5. खलिहान के निकट खाना मत बनाइये।
6. खलिहान, मकान व रेलवे लाइन के निकट मत बनाइये।
7. नंगे चिराग व कुप्पियों को जलता मत छोड़िए।
8. चूल्हे की चिंगारी व गरम राख कूड़े के ढेर पर मत फेंकिए।
9. रसोई घर का छाजन फुस के छप्पर से मत बनाइये।
10. दियासलाई अबोध बालकों की पहुँच वाले स्थानों पर मत रखिये।
11. त्यौहारों पर आतिशबाजी का प्रयोग ग्राम के निवास स्थानों व खलिहानों के निकट मत करिए।
12. लैम्प व. पेट्रोमैक्स छप्परों में मत टांगिये।
13. घी व तेल की आग पर पानी मत डालिए।
14. शादी विवाह में पण्डाल/अस्थाई ढ़ांचा बनाते समय आग बुझाने की समुचित व्यवस्था उपाय भारतीय मानक ब्यूरो आई.एस.8758-1993 एवं संशोधित 2018 में अस्थाई पण्डाल की अग्नि सुरक्षा के विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गयें ।01-किसी भी दशा में पण्डाल 03मीटर से कम ऊंचाई का नहीं लगाया जायेगा,02-पण्डाल बनाने में सिन्थेटिक सामग्री से कपड़े, रस्सी का प्रयोग नहीं किया जायेगा।03-पण्डाल बिजली के लाईन के नीचे किसी भी दशा में नहीं लगाया जायेगा एवं कोई भी पण्डाल रेलवे लाईन, बिजली के सब स्टेशन,चिमनी एवं भट्ठी से कम से कम 20मीटर दूर लगाया जायेगा।
15. बिजली के तारों के जोड़ किसी भी दशा मे खुलें नहीं होने चाहिए, जहां तक सम्भव हो तो पोर्सलीन कनेक्टरो का प्रयोग करना चाहिए ताकि शार्ट सर्किट व स्पार्किंग की सम्भावना क्षीण हो जायें।

16-रात्रि में सोने से पहले गैस सिलेण्डर का वाल्व बन्द कर देना चाहिए किसी भी दशा में भूले नहीं।

17-गैस का रबड़ पाईप अधिक पुराना होने पर उसे बदल देना चाहिए।

जन-जागरूकता अभियान में सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासियों, डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ, वार्ड ब्वॉय सहित अन्य सुरक्षा कर्मियों को आग न लगें उसका उपाय बताया गया,आग लगने की स्थिति में कैसे जल्द से जल्द बुझा लिया जाये और आग से बचाव का विस्तृत उपाय बताया गया।

# जिलाधिकारी ने बांटे स्मार्टफोन व पेट्रोलिंग किट

संवाददाता



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की उपस्थिति में रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र के कर्मचारियों हेतु स्मार्टफोन व पेट्रोलिंग किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन मयूर वन सभागार में किया गया।

जिलाधिकारी ने वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि रानीपुर टाइगर रिजर्व बन गया है पहले यह वन्य जीव विहार के नाम से जाना जाता था केन बेतवा लिंक का कार्य शुरू हो गया है मानिकपुर क्षेत्र में पन्ना क्षेत्र से टाइगरों के आने की संभावना है, उन्होंने कहा कि जो पर्यटकों की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है।

अब आप लोगों के कार्य बहुत महत्वपूर्ण हो गए हैं लगातार क्षेत्र का भ्रमण करके जंगली जानवर जो है वह हमारे जंगल क्षेत्र में रहे उनकी सुरक्षा करें जब आप लोग अपनी ड्यूटी अच्छी तरह से करेंगे तो यहां पर बाहर से पर्यटक आएंगे तो उनको चित्रकूट की भौगोलिक दृष्टि से बहुत सुंदर लगेगा, जंगल व जंगली पशु पक्षियों की रक्षा करना हम आप सबका दायित्व है मानिकपुर क्षेत्र का वन क्षेत्र मध्य प्रदेश से जुड़ा है यह पहला उत्तर प्रदेश का रानीपुर टाइगर रिजर्व होगा, उन्होंने कहा कि रानीपुर टाइगर रिजर्व को विकसित करने के लिए जो भी कमियां हैं ।

उनको दूर किया जाएगा हमारे जो वन क्षेत्र के लोग हैं उनसे भी संपर्क में रहे ताकि उनको कोई समस्या ना हो यहां पर जो पर्यटक आएगा तो क्षेत्र के लोगों को भी फायदा होगा अब आप लोग अपना कार्य सही तरीके से करें मैं सभी को बधाई देता हूं जो यह इलेक्ट्रॉनिक सामग्री आपको दिया गया है इसका अच्छी तरह से उपयोग करें। उपनिदेशक/प्रभागीय वनाधिकारी रानीपुर टाइगर रिजर्व नरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि अब आप लोग वन्य जीव विहार से रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र के अंतर्गत कार्य करेंगे जो सामग्री आपको दी जा रही है उसका इस्तेमाल सही तरीके से करें कार्य करने का समय है वन क्षेत्र में कहीं आग लग जाए तो तत्काल उस पर काबू के लिए व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ताकि कोई पशु पक्षी व वन हानि से रोका जा सके आप लोगों को स्मार्टफोन व यंत्र जो दिए गए हैं उसके संचालन के लिए प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा उन्होंने कहा कि महुआ बीनने का समय चल रहा है गांव के लोगों को जागरूक करें कि वह वन क्षेत्र में आग ना लगाएं सबसे अधिक मानिकपुर प्रथम वन क्षेत्र में यह आग लगने की समस्या रहती है इसको सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी लगातार भ्रमण करके देखें उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि वाटर बॉडी के लिए भी वन क्षेत्र में कई जगह व्यवस्था कराई जानी है तथा रपटा ,मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं उसका भी निर्माण कराया जाना है, इसको पूर्व प्रभागीय वनाधिकारी ने जिलाधिकारी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया, एवं जिलाधिकारी ने वन कर्मियों एवं अधिकारियों को स्मार्टफोन व पेट्रोलिंग किट का वितरण भी किया।

इस अवसर पर उप प्रभागीय वनाधिकारी रानीपुर टाइगर रिजर्व राजीव रंजन सिंह, वन्य जीव प्रतिपालक अधिकारी रानीपुर टाइगर रिजर्व दिलीप कुमार तिवारी, वनाधिकारी हरि शंकर सिंह, नफीस खान सहित संबंधित अधिकारी एवं वन कर्मी मौजूद रहे।

## मुस्लिम वोटों के लालच में किसी भी हद तक गिर सकती है समाजवादी पार्टी : नन्दी

संवाददाता



**अयोध्या।** में भव्य मंदिर निर्माण एवं रामलला रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली रामनवमी पर समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव द्वारा राम मंदिर को लेकर दिए गए बयान पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने करारा प्रहार किया है।

रामगोपाल यादव के बयान पर मंत्री नन्दी ने कहा कि

प्रोफेसर होकर इस प्रकार की नफरती और विभाजनकारी भाषा का प्रयोग रामगोपाल यादव की डिग्री पर सवालिया निशान है! इसी विकृत सोच ने सैकड़ों निर्दोष रामभक्तों पर गोलियाँ चलवाने का महापाप किया था।

सनातन आस्था के प्राण पुरुष प्रभु श्रीराम के बारे में ऐसा ओछा बयान इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि समाजवादी पार्टी मुस्लिम वोटों के लालच में किसी भी हद तक गिर सकती है। वोट बैंक को पोषित करने के लिये हिन्दू आस्था व श्रद्धा को पाखंड कहना समाजवादी पार्टी की निकृष्टता और पतन की पराकाष्ठा है। जनता इस चुनाव में इन हिन्दूविरोधी आसुरी शक्तियों को जमींदोज कर देगी! रामद्रोही समाजवादी पार्टी का नामोनिशान ढूढ़े से भी नहीं मिलेगा! उत्तर प्रदेश की 80 सीटों पर सपा का सूपड़ा साफ होना सुनिश्चित है।

## न्यूज डायरी

### टेंपो बाइक भिड़ंत में तीन लोग हुए जख्मी

**बदौसा।** बुधवार शाम को हाइवे पर विधि महाविद्यालय के आगे पुलिया के पास एक बाइक सवार तीन युवक आगे जा रही टेंपो से भिड़ गए। इस हादसे में तीनो लोग जख्मी हो गए। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां से दो घायलों को जिला अस्पताल रेफर किए जाने की खबर है। चित्रकूट की तरफ से आ रही आटो में पुलिया के पास बाइक सवार तीनो युवक आगे जा रही आटो से टकरा गए। मौके पर प्रभारी निरीक्षक सविता श्रीवास्तव हमराहियों के साथ मोके पर पहुंची और घायलों को अतर्रा सीएससी भिजवाया। घायल बाइक सवार रामबाबू 45 वर्ष संतोष 42 वर्ष राजा 38 वर्ष, रामबाबू और संतोष की हालत नाजुक होने पर अतर्रा सीएचसी से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

### ई-रिक्शा पलटने से छह लोग जख्मी

**बांदा।** श्रद्धालुओं से भरा ई-रिक्शा पलट जाने से एक ही परिवार के छह लोग जख्मी हो गए। सभी को सीएचसी में भर्ती कराकर उपचार कराया गया।बुधवार की शाम को थाना क्षेत्र के गुमाई गांव निवासी उषा 50 पत्नी रामदेव, उर्मिला 40 पत्नी परशुराम, संगीता 40 पत्नी संतोष, पूर्णिमा 28 पत्नी दिलीप, शिल्पा 32 पत्नी सुरेश, क्रांति 12 पुत्री राजेश आदि रिक्शा में रिक्शा चालक फूलचंद्र के साथ कच्ची सड़क पर पौंडरा गांव के नजदीक स्थित ई रिक्शा पलट गया। इससे जिससे सभी लोग रिक्शे मे दबकर जख्मी हो गए। सभी घायलों को सीएचसी अतर्रा में भर्ती कराया गया।

### गेहूं खरीद केंद्रों का एसडीएम और तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**बांदा।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर एसडीएम पैलानी शशि भूषण मिश्र व तहसीलदार पैलानी विकास पांडे ने पी सी यफ द्वारा संचालित केंद्रीय उपभोक्ता भंडार द्वारा खरीदे जा रहे खप्टिहाकला में गेहूं को लेकर खरीद केंद्र के कार्यवाहक प्रभारी सुनील कुमार सिंह से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि यहां 2275 रुपए प्रति कुंतल की दर से गेहूं खरीदा जा रहा है साथ ही साथ अब तक कुल 1700 कुंतल गेहूं की खरीद की जा चुकी है यह खरीद केंद्र 9 अप्रैल से शुरू हुआ था जो लगातार चल रहा है वही बताया कि पीसीएफ द्वारा बोरियां सेंटर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी है।

### नगर पालिका कार्यालय में बनाया जा रहा स्थाई स्टेज

**छिबरामऊ।** नगर पालिका कार्यालय परिसर में इन दिनों स्थाई स्टेज का निर्माण तेजी से चल रहा है। भविष्य में इसी स्टेज पर कार्यक्रम हुआ करेंगे। मालूम हो कि विगत वर्ष 20 से 22 नवंबर तक नगर पालिका कार्यालय परिसर में पहली बार 53वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया था। इसके लिए टेंट हाउस से स्टेज बनवाया गया था। यहां पर विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों की सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं हुई थी और विजई प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया था। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने ऐलान किया था कि नगर पालिका का स्थापना दिवस इन्हीं तिथियों में हर वर्ष मनाया जाएगा। स्टेज पर आने वाले टेंट हाउस का खर्चा बचाने के लिए अब यहां पर स्थाई स्टेज का निर्माण किया जा रहा है। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया स्टेज की चौड़ाई 15 फीट, लंबाई 30 फीट और ऊंचाई 4 फ़ीट है। इसके नीचे तहखाना भी निकाला गया है। इसका उपयोग स्टोर के रूप में लंबे पाइप आदि सामान रखने के लिए किया जाएगा क्योंकि अभी तक यह सामान खुले में पड़ा रहता है और खराब हो जाता है।

### मतदाता अपनी पहचान सिद्ध करने हेतु 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक का करें प्रयोग

**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के सम्बन्ध में प्रतिरूपण को रोकने के दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है उन्हें अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर सकते है। उन्होने 12 वैकल्पिक दस्तावेजो के सम्बन्ध में बताया है कि आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंको/डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान, सांसदो/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार है। उन्होने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा हेतु मतदाता पर्ची बी0एल0ओ0 के माध्यम से मतदान तिथि से कम से कम 05 दिन पूर्व वितरित करने के निर्देश दिये गये है। मतदाता सूची पर्ची पर मतदेय स्थल, मतदान का दिनांक व समय आदि का उल्लेख रहता है। मतदाता पर्ची को मतदाता के पहचान दस्तावेज के रूप में नहीं माना जायेगा। मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये मतदाता पर्ची के साथ वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई 01 साथ लाना अनिवार्य होगा।

## धावा बोलकर तोड़फोड़ और तांडव करने वालों पर मुकदमा दर्ज



संवाददाता

**हंडिया प्रयागराज ।** उतरांव थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गाँव में 15 अप्रैल की शाम धावा बोलकर तोड़फोड़ और तांडव करने वालों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। बताते चलें कि मोहम्मदपुर गांव निवासी अमृतलाल पटेल आबादी की जमीन पर पुश्तैनी कब्जा है। उक्त जमीन पर दीवार बनाकर टीन सेड रखा हुआ था। उक्त टीन सेड में पुश्तैनी रूप से मवेशियों के अलावा पूरा परिवार रहता था। आरोप है कि 15 अप्रैल की शाम ग्राम प्रधान पति की शह पर गांव के दर्जन भर से अधिक लोग महिलाओं के साथ आ धमके। तोड़फोड़ और तांडव करने के बाद पीड़ित को गाली और जान मारने की धमकी दी। पीड़ित पक्ष किसी प्रकार से वहां से भाग कर अपनी जान बचाई। घटना की पीड़ित पक्ष ने वीडियो भी बनाया है जो सोशल मीडिया पर वायरल है। अमृतलाल की तहरीर पर आरोपित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## राजस्व विभाग की मिली भगत से नानपारा नगर पालिका परिषद की करोड़ों की भूमि खतरे में

संवाददाता

**बहराइच।** नगर पालिका की जमीन का राजस्व विभाग की टीम से मिलीभगत कर कुछ भू माफियाओं द्वारा बैनामा करवा लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है । मामले का खुलासा उस समय हुआ जब प्रश्नगत भूमि पर कब्जे को लेकर कार्यवाई शुरू हुई, तब नगर पालिका अध्यक्ष ने सीएम, प्रमुख सचिव और डीएम को शिकायती पत्र भेजकर जांच तथा शहर की जमीन को बैनामा और चकबंदी में शामिल करने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की।

नगर पालिका परिषद नानपारा के अध्यक्ष अब्दुल वहीद व अधिशासी अधिकारी रंग बहादुर सिंह ने नगर पालिका की 31 संपत्तियों का हवाला देते हुए राजस्व विभाग में जेड ए दर्शाकर कथित भू माफियाओं ने साजिश के तहत कई व्यक्तियों के नाम हस्तानांतरित करवा लिए पालिका की संपत्ति को हड़पने की जांच कराने एवं संपत्ति को पूर्व राजस्व आकार पत्र 41 के अनुसार नान जेड ए दर्ज कराने के संबंध में कार्रवाई करने के लिए अध्यक्ष बोर्ड ऑफ रेवेन्यू राजस्व परिषद सहित प्रमुख सचिव नगर विकास व जनपद के अधिकारियों को पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने उल्लेख करते हुए कहा है कि नगर पालिका परिषद नानपारा की सीमा के अंदर गाटा संख्या 4237 क रकबा 1.340 एकड़ आकार पत्र 41 में नाम जेड ए नाला अंकित है। जो नाला संपूर्ण शहर व उसके संलग्नक अन्य क्षेत्रों का पानी नगर पालिका स्थापना से कायम है। इस नाला को आकार पत्र 45 में सोची समझी साजिश एवं राजस्व विभाग तहसील तहसील नानपारा को त्रुटि पूर्ण कार्यशैली के कारण किशन लाल पुत्र रामनारायण निवासी जुबलीगंज नानपारा के आकार पत्र 45 में खाता संख्या 242 पर उक्त नान जेड ए नाला का नंबर 4237 क रकबा 1.340 एकड़ का अंकन कर दिया गया है।

जबकि नगर पालिका के अभिलेख खसरा व खतौनी सर्वे सन 1964 65 में खसरा संख्या 4810 साबिक नंबर 8068 रकबा 71 डिसमिल नाला तथा उसी के बगल पूरब खसरा संख्या 4811 साबिक नंबर 8068 रब्बा 53 डिसमिल रास्ता के रूप में अंकित है। जो नगर पालिका संपत्ति को क्षति पहुंचाने की भू माफियाओं की सोची समझी साजिश है। उक्त अंकन का लाभ उठाकर किशन लाल के वारिसान पंजीकृत दस्तावेज के आधार पर नामांतरण प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी है ऐसी स्थिति में नगर पालिका की सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जा होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र की नान.जेड.ए. की अन्य संपत्तियां जो लगभग 31 है जिसमे अलग-अलग नंबरों पर मजरूआ, बंजर पिछवाड़ा क्लब, क्लब घर, बंजर.तालाब तथा बालक क्रीड़ा स्थल सहित नाला, रास्ता व तालाब,कुआं, आदि के रूप में संपत्तियों नगर पालिका के अभिलेखों में दर्ज हैं। जिसकी सूची अभी तक राजस्व अभिलेखों में नान जेड ए अंकित कराने की कार्रवाई करने का निर्देश करें।

## तिरंगा अगरबत्ती परिवार द्वारा किया गया कन्या बंदन महोत्सव का आयोजन

सवाददाता

**चित्रकूट।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर तिरंगा अगरबत्ती परिवार के तत्वावधान में तुलसी पीठ आमोदवन जानकीकुंड चित्रकूट में कन्या बंदन महोत्सव का आयोजन विधि विधान से संपन्न हुआ । इस अवसर पर तुलसी पीठाधीश्वर पद्म विभूषण जगदगुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास और तिरंगा अगरबत्ती के निदेशक पंडित नरेंद्र शर्मा ने 11 00 कन्याओं का विधि विधान से पूजन बंदन किया और प्रेम पूर्वक हलवा पूड़ी का भोग लगाकर आशीर्वाद लिया सभी कन्याओं को आकर्षक उपहार भी दिए गए। कन्या बंदन उत्सव का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से स्वामी रामभद्राचार्य जी के निर्देशन में किया गया है। ऐसे कार्यक्रम तिरंगा परिवार की ओर से हमेशा होते रहेंगे। अगली बार और भी बड़ी संख्या में कन्या वंदन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा अगरबत्ती के निदेशक पंडित नरेंद्र शर्मा ने बताया कि वह अपने नाती पार्थ के अन्न प्रासन संस्कार के अवसर पर 1100 कन्याओं का पूजन वंदन किया है , कहा कि भारतीय संस्कारों को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रम करना चाहिए । चित्रकूट में कन्या बंदन महोत्सव जगदगुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी की प्रेरणा से संपन्न किया गया है आगे भी उनके मार्गदर्शन से ऐसे आयोजन तिरंगा परिवार करता रहेगा। पंडित नरेंद्र शर्मा ने कहा कि जन्मदिन पर केक काटने की आधुनिक परंपरा समाज के लिए घातक है, इसे बंद होना चाहिए, हमारे भारतीय संस्कारों में जोड़ने का काम किया जाता है काटने का नहीं , ऐसे आयोजन करके हम भारतीय संस्कारों से जुड़ें और प्रभु की ओर मुड़ें ताकि भारतीय संस्कृति को पूरे विश्व में अच्छी पहचान मिल सके हमारी भारतीय संस्कृति काटने की नहीं है जोड़ने की है खुशबू और खुशियां बांटने की है सब लोग मिल जुलकर रहें आपस में खुशियां बांटे भारतीय संस्कारों से जुड़े और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे को साकार करने में हम सब लोग निरंतर प्रयासरत रहें। समाज में हर व्यक्ति को नारी का सम्मान करना चाहिए बेटियां घर और समाज में खुशबू बिखेरती हैं इनकी रक्षा सुरक्षा हम सबको करना चाहिए। यही बेटियां आगे चलकर किसी की मां किसी की पत्नी, किसी की मौसी,विभिन्न रिश्तों से जानी जाती हैं। हमारे देश और समाज के निर्माण में महिलाओं व बालिकाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इतिहास भी गवाह है कई महान विदुषियों ने देश के नव निर्माण में अविस्मरणीय योगदान दिया है ,यहां तक कि देश की आजादी की लड़ाई में भी महिलाओं की अग्रणी भूमिका रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दो की मौत एक गंभीर रूप से घायल

संवाददाता

**पहला सीतापुर।** थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत बिसवा बहराइच मार्ग पर देबियापुर पुलिस चौकी के निकट गुरुवार दोपहर ग्राम सेवता से अपनी पत्नी तथा दो साल की बच्ची को लेकर जा रहे बाइक सवार को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह एक तरफ जाकर गिर गए जिन्हे एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवा लाया गया जहां उपस्थित डाक्टरों ने बच्ची तथा उसकी मां को मृत घोषित कर दिया तथा घायल का इलाज चल रहा है सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया मिली जानकारी अनुसार थाना रेउसा अंतर्गत ग्राम सेवता निवासी अठ्ठाइस वर्षीय मुकेश कुमार पुत्र शिवकुमार मौर्य अपनी पत्नी पूनम तथा दो साल की लड़की लाची के साथ बाइक से थाना रामपुर कलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम लोना में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे कि उनकी मोटरसाइकिल में थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत बिसवा बहराइच मार्ग के देबियापुर पुलिस चौकी के निकट किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी जिससे बाइक सवार तीनो लोग सड़क के दूसरी तरफ जा गिरे जिन्हे एंबुलेंस से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवा लाया गया जहां उपस्थित डाक्टरों ने पत्नी पूनम तथा लड़की लाची को मृत घोषित कर दिया तथा घायल का इलाज चल रहा है सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया इस संबंध में थाना प्रभारी सदरपुर राकेश कुमार सिंह ने बताया की जानकारी मिली है की किसी डम्फर से शायद ओवरटेक करते समय हादसा हुआ है अभी उस वाहन का कोई पता नहीं चल सका है तथा मृतक के परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नही दी गई है।फिलहाल घटना की सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।मृतक के सिर्फ एक यही लड़की थी वह भी काल कवलित हो गई।

## बेटी की शादी के लिए दहेज नहीं जुटा पाया तो जहर खाकर की खुदकुशी की कोशिश

संवाददाता

**बहराइच।** बेटी की शादी के लिए दहेज़ जुटाने में विफल एक पिता ने ज़हर खाकर जान देने की कोशिश की। गंभीर हालत में मजबूर पिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाज़ुक बनी हुई है। ग्रामीण ने यह जानलेवा कदम बेटी के तिलक कार्यक्रम से दो दिन पहले उठाया। आज ही के दिन गुरुवार को बेटी का तिलक जाना था। परिवार के मुताबिक तिलक कार्यक्रम में दहेज देने के लिए कई लोगों से सहयोग मांगा, लेकिन सफलता नहीं मिली। जिस पर उसने आत्महत्या की कोशिश की। खैरीघाट थाने के ललुही पथार के मजरे पथार कलां निवासी 45 वर्षीय दलित सिपाही लाल पुत्र बाबूराम मजदूरी करके परिवार की आजीविका चलाता है। एक बेटी व एक बेटे की शादी कर चुका है। बेटे के एक छह माह का बेटा है। उसके तीन बेटे व चार बेटियां है। दूसरी बेटी की भी उसने नवाबगंज इलाके के एक गांव में शादी तय की है। गुरूवार को तिलक जाना है। जबकि 26 अप्रैल को शादी होनी है। धन की कमी होने की वजह से उसने कई जगह उधार मांगा। उसे हर जगह इंकार ही मिला। मंगलवार दोपहर में वह बेटी की ननिहाल में शादी का पहला कार्ड देने की रस्म अदायगी को निकला था। ननिहाल महसी इलाके के नकवा गांव में है। वह नकवा गांव नही पहुंचा। मंगलवार शाम वह बंजरिया में रास्ते में सड़क पर पड़ा था। उसके मुंह से झाग निकल रहे थे। लोगों ने उसे पहचान उसके परिजनों को जानकारी दी। परिजन आनन फानन में वहां पहुंचे। उसे निजी क्लीनिक ले जाया गया। बुधवार सुबह हालत काफी बिगड़ने पर उसे मेडिकल कालेज लाए जाने पर डा. मनोज चौधरी, फार्मेसिस्ट श्याम बाबू ने उसे तत्काल भर्ती कर उसका इलाज शुरू कर दिया। हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।

### सरयू नदी के तट पर मिला युवक का शव, पुलिस की सड़क हादसे पर टिकी


**बहराइच।** सरयू नदी के किनारे एक युवक का शव बरामद हुआ है। युवक के सिर व शरीर पर गम्भीर चोटों के निशान हैं। पास में ही स्कूटर लगी ठेलिया भी खड़ी मिली है। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे सीओ कैसरगंज रूपेंद्र गौड़ व थाना कैसरगंज के प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया तथा आसपास के ग्रामीणों से घटना के सम्बन्ध में पूछताछ की। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंडा जनपद के थाना कर्नलगंज की अतरसईया चौकी चचरी निवासी नत्थू उम्र 35 वर्ष का शव गुरुवार की सुबह बहराइच जिले के थाना कैसरगंज क्षेत्र की गण्डारा चौकी के अंतर्गत पैना घाट के निकट सरयू नदी के किनारे बरामद हुआ है। शव का सिर कुचला हुआ था तथा शरीर पर गंभीर चोट के निशान हैं। ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने इसकी सूचना गण्डारा चौकी पर दी।

## नाजिम अंसारी अध्यक्ष और प्रमोद पटेल महामंत्री चुने गये

### यूनियन कोऑर्डिनेशन सेंटर (tucc) का दो दिवसीय अधिवेशन

संवाददाता






**लखनऊ।** यूनियन कोऑर्डिनेशन सेंटर का विगत दिनों उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी के दो दिवसीय अधिवेशन में नई प्रदेश कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से ट्रेड यूनियन कोऑर्डिनेशन सेंटर के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में प्रयागराज के श्री नाजिम अंसारी को चुना गया तथा प्रदेश महामंत्री के रूप में लखनऊ के प्रमोद पटेल निर्वाचित हुए अधिवेशन में उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों के अध्यक्ष महामंत्री सहित ढाई सौ प्रतिनिधियों ने भाग लिया अधिवेशन में टीयूसीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय भवन का निर्माण कर्मकार सलाहकार समिति श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य माननीय हंसराज अकेला एवं श्री एसपी तिवारी राष्ट्रीय महासचिव एवं माननीय सदस्य, राज्य कर्मचारी बीमा निगम, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार की विशेष उपस्थिति रही इस दौरान मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तराखंड बिहार के भी प्रदेश अध्यक्ष एवं महामंत्री उपस्थित थे श्री नाजिम अंसारी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर संगठन के तमाम पदाधिकारी ने बधाई दिया और आशा व्यक्त किया कि श्री नाजिम अंसारी के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर संगठन का विस्तार होगा और उत्तर प्रदेश में संघठन के कार्यों में प्रगति होगी।